


# दैनिक विश्वमित्र

1915 - 2026

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •




Get the e-paper from any corner of the world by contacting 9062771550

कोलकाता शुक्रवार ■ 23 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल 5, सम्वत् 2082 मूल्य : 5 रुपए, कुल पृष्ठ 10 1







## बांग्लादेश अड़ा भारत में नहीं खेलेगा




**ढाका, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** बांग्लादेश अपनी हठ पर कायम है और आईसीसी के अल्टीमेटम के बावजूद उसने एक बार फिर दोहराया है कि वह भारत में टी विश्व कप के मैच नहीं खेलेगा। ढाका में आज बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद बीसीबी के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल ने बताया कि उनका रुख स्पष्ट है। आसिफ नजरुल के साथ बैठक में बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल, सीईओ निजामुद्दीन के साथ-साथ बांग्लादेश टीम के कुछ खिलाड़ी शामिल थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ी विश्व कप में हिस्सा लेना चाहते हैं, लेकिन बीसीबी ने बैठक के बाद एक बार फिर पुराना राग अलापा है और कहा है कि उनकी टीम इस टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। बैठक के बाद बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल ने कहा, हम लगातार आईसीसी से संपर्क जारी रखेंगे।

# सेंट्रल पार्क में बनेगा 'बोई तीर्थ'

### सीएम की 9 पुस्तकें, 21 कविताओं के लोकार्पण की घोषणा



***कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।*** *49वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के साहित्यिक जगत को बड़ी सौगात देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंट्रल पार्क में 'बोई तीर्थ' का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए राज्य सरकार की ओर से 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। उनका लक्ष्य है कि आगामी वर्ष आयोजित होने वाले 50वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले से पहले 'बोई तीर्थ' को तैयार कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने 49 बार घंटे बजाकर पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी उन्होंने अपने लिखे 9 पुस्तकों के प्रकाशन की घोषणा की। कार्यक्रम के मंच से उन्होंने प्रकाशक संघ (गिल्ड) से औपचारिक प्रस्ताव देने का आग्रह करते हुए कहा, ''अगले साल पुस्तक मेले के साथ-साथ बोई तीर्थ भी देखना चाहती हूं।'' मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बोई तीर्थ केवल एक भवन नहीं होगा, बल्कि यह साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का स्थायी केंद्र बनेगा। यहां वर्ष भर पुस्तक विमोचन, लेखकपाठक संवाद, संगोष्ठियां और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।*

*उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला जहां अस्थायी आयोजन है, वहीं बोई तीर्थ के माध्यम से स्थायित्व मिलेगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी जिन 6 पुस्तकों का लोकार्पण किया, उनमें 'एसआईआर छब्बीस में छब्बीस', 'मेरा रेलबेला', 'बंगाल की प्रकृति मां' (जो अंग्रेज़ी में भी उपलब्ध होगी), 'हमारा मोहल्लाहमारा समाधान', 'कथा भंडार (प्रथम भाग)' और 'पुण्यभूमि बंगाल' शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनकी 3 अन्य पुस्तकें शीघ्र प्रकाशित होंगी।*

*मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एसआईआर से जुड़े मुद्दों के विरोध में उन्होंने 2026 में इस विषय पर 26 कविताएं लिखी हैं, जो अलग पुस्तक के रूप में सामने आएंगी। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में उनकी पुस्तकों की कुल संख्या बढ़कर 162 तक पहुंच सकती है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, ''किताबें ज्ञान के संसार को समृद्ध करती हैं। पुस्तक मेला केवल किताबें खरीदने का स्थान नहीं, बल्कि संस्कृति और विचारों के आदानप्रदान का मंच है।'' उन्होंने गिल्ड की व्यवस्था की सराहना करते हुए लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों को इस आयोजन की आत्मा बताया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेले के विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया, नई पुस्तकों को देखा और लेखकों व प्रकाशकों से संवाद किया।*

## सेना की गाड़ी खाई में गिरी, 10 जवान शहीद




**श्रीनगर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर में ऊपरी पोस्ट पर जाते वक्त सेना का वाहन खाई में गिर गया। घायल जवानों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा इस सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अब्दुल्ला ने त्वरित बचाव और निकासी प्रयासों की भी सराहना की।

## भीतर के पन्नों पर खास


- पहले भगवान के सामने हाथ जोड़े, फिर दानपेटी लेकर फरार पृष्ठ 2
- भारत लांच करेगा 52 जासूसी सैटेलाईट, आसमान से दुश्मन पर पहरा पृष्ठ 5



शोक समाचार पृष्ठ 3 पर


## अजब गजब

### सरस्वती माता



सरस्वती (संस्कृत: सरस्वती ) अनेक नामों से जानी जाती हैं। सरस्वती के कुछ पर्यायवाची नामों में शारदा (सार या ज्ञान प्रदान करने वाली), 1 ब्राह्मणी (ब्रह्मा की शक्ति), ब्राह्मी (विज्ञान की देवी), 25 भारदी (इतिहास की देवी), वाणी और वाची (दोनों क्रमशः संगीत/गीत के प्रवाह, मधुर वाणी और वाक्पटुता को संदर्भित करती हैं), वर्णेश्वरी (अक्षरों की देवी), कविजिह्वग्रवासिनी (कवियों की जीभ पर निवास करने वाली) शामिल हैं। अन्य नामों में शामिल हैं: अंबिका, भारती, चंद्रिका, देवी, गोमती, हंसासन, सौदामिनी, श्वेतांबर, सुभद्रा, वैष्णवी, वसुधा, विद्या, विद्यारूपा और विंध्यवासिनी। तिरुवल्लुवा माला में, कुरल साहित्य और उसके लेखक वल्लुवर की प्रशंसा करने वाले पचपन तमिल छंदों के संग्रह में, उन्हें नामगल के रूप में संदर्भित किया गया है और माना जाता है कि उन्होंने दूसरा छंद रचा था। हिंदू धर्म में, सरस्वती ने वैदिक युग से लेकर आज तक एक महत्वपूर्ण देवी के रूप में अपना महत्व बरकरार रखा है। वेदों में उनकी प्रशंसा शुद्धिकरण की जल देवी के रूप में की गई है, जबकि धर्मशास्त्रों में, सरस्वती का आह्वान पाठक को सद्गुण और अपने कर्मों के अर्थ (अर्थ) पर ध्यान करने की याद दिलाने के लिए किया जाता है।

# झारखंड में मुठभेड़ 16 नक्सली ढेर

### 1 करोड़ का इनामी 'अनल दा' मारा गया



***चाईबासा, 22 जनवरी (एजेंसियां)।*** *झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नेता अनल दा समेत 15 माओवादी मारे गए। अनल दा पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। सीआरपीएफ डीआईजी साकेत कुमार सिंह ने रांची पुलिस मुख्यालय में बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा इकाई के लगभग 1,500 जवान सारंडा जंगल के कुमडी में किरीबुरु थाना क्षेत्र में अभियान में शामिल हैं।*

*एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने माओवादियों के शीर्ष नेता पतिराम माझी उर्फ अनल दा समेत 15 माओवादियों के शव बरामद किए हैं। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। सुबह छह बजे शुरू हुई मुठभेड़ अभी जारी है। उन्होंने बताया कि सारंडा के जंगल में मंगलवार से ही माओवादी विरोधी अभियान चल रहा है, लेकिन गोलीबारी गुरुवार सुबह शुरू हुई।*

*पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन) माइकल राज एस ने बताया कि पुलिस को सारंडा जंगल में अनल दा और अन्य माओवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया। मारे गए 15 में से 11 माओवादियों की पहचान कर ली गई है। गिरिडीह जिले का पिरतांड निवासी अनल दा 1987 से सक्रिय था। पुलिस वर्षों से उसकी तलाश कर रही है। सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के मुख्यालय चाईबासा का दौरा किया था।*

*झारखंड में कोल्हान और सारंडा को माओवादियों का अंतिम गढ़ माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बूढ़ा पहाड़, चतरा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची और पारसनाथ में उनकी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सीमित कर दिया है।*

## मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

**मुंबई, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से होना चाहिए था। 29 में से 12 सीटें एससी, एसटी, ओबीसी कैटेगरी के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि 17 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं। शिंदे के गढ़ ठाणे में महापौर कैटेगरी का होगा। मुंबई में 8वीं बार महिला को यह पद मिलेगा। इससे पहले किशोरी पेडनेकर मेयर थीं। इन नगर निगमों में 15 जनवरी को मतदान हुआ था और रिजल्ट 16 जनवरी को आया था। मेयर के लिए कैटेगरी रिजर्वेशन के बाद तय तारीख पर उम्मीदवार पर्चा भरेंगे। तारीख का ऐलान बाद में किया जाएगा। मेयर का चुनाव पार्षद करते हैं। इसके नगर निगमों में सदन की विशेष बैठक बुलाई जाएगी। जहां पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में वोटिंग होगी। चुनाव से पहले पार्टियां व्हिप जारी करती हैं।

### मोदी हैं तो मुमकिन है

## न्याय के लिए दिल्ली पहुंची हाजी मस्तान की बेटी

**नई दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** मुंबई अंडरवर्ल्ड के पहले डॉन हाजी मस्तान की बेटी होने का दावा करने वाली हसीन मिर्जा ने अब दिल्ली पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। हसीन मस्तान मिर्जा ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उन्होंने कहा है कि वह दिल्ली में हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपने साथ हुए जुल्म की जानकारी देते हुए पत्र सौंपा है। गौरतलब हो कि हसीन मस्तान मिर्जा पिछले साल के आखिर में सोशल मीडिया पर तब सुर्खियों में आई थीं जब उन्होंने खुद के साथ 13 साल की उम्र में रेप किए जाने के साथ जबरन शादी का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी। हसीन अंडरवर्ल्ड डॉन रहे हाजी मस्तान के दूसरी पत्नी की बेटी हैं।



एक्टिंग करके जीवन-यापन करने वाली हसीन मस्तान मिर्जा के अनुसार मैंने एक लेटर लिखा था। मैं खुद दिल्ली आई। मुझे पीएम मोदी और प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू के ऑफिस से एक वेरिफिकेशन लेटर मिला है। मैं इससे बहुत खुश हूं। हसीन मिर्जा ने कहा कि मैं अब कह सकती हूं कि मोदी हैं तो मुमकिन है। मुझे भरोसा है कि अब मुझे मेरे केस में इंसाफ मिलेगा। हसीन मस्तान मिर्जा का आरोप है कि हैदराबाद में रहने वाले रिश्ते में मामा के बेटे से शादी जबरन करवाई गई थी। इतना ही नहीं मां बनने पर गर्भपात करवा दिया गया। हसीन मस्तान मिर्जा का आरोप हैं कि पिता की प्रॉपर्टी के लिए उनके साथ जुल्म हुआ। हसीन मस्तान मिर्जा ने छोटा से वीडियो भी साझा किया है। इसमें वह काफी खुश दिख रही हैं।




# ।। नीति वचन ।।

संपूर्ण वसुंधरा भारत के प्रेम-पाश में आबद्ध है। अनादिकाल से ज्ञान की और मानवता की ज्योति विकीर्ण कर रहा है। *–जयशंकर प्रसाद*

**परहित बस जिनके मनमाहीं, तिन कहं जग दुर्लभ कछु नाहीं।।**

## स म्पा द की य

## लिखने की आदत

निस्संदेह डिजिटल दौर के नशे में डूबी पीढ़ी वास्तविक रिश्तों से दूर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर छात्रों की लिखने की आदत भी छूटती जा रही है। लेखन हमारी मौलिक व सार्थक अभिव्यक्ति है और सेहत से भी जुड़ा है। पुरानी कहावत है-जिसके बहुत सारे दोस्त होते हैं उसका कोई दोस्त नहीं होता। कमोबेश मौजूदा दौर में हकीकत यही है कि जिनके सोशल मीडिया में हजारों-लाखों मित्र व फॉलोवर होते हैं वे निजी जीवन में नितांत एकाकी होते हैं। यह घातक प्रवृत्ति बच्चों में भी तेजी से घर कर रही है। लेखन में हमारी उंगलियों के पोर इस्तेमाल होते हैं, जिनके सिरे हमारे विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य से गहरे तक जुड़े रहते हैं। कलम या पेन से लेखन हमारे बौद्धिक विकास में भी सहायक होता है। लेकिन आज मोबाइल व कंप्यूटर, लेपटॉप व टैबलेट के दौर में बच्चे लेखन से दूर होकर खुद को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते। इस संकट को महसूस करते हुए सीबीएसई ने छात्रों को मित्रों से जुड़ाव व उनकी लेखन कला को निखारने के लिए अभिनव पहल की है। बोर्ड ने डाक विभाग के साथ मिलकर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 'इंटरनेशनल लेटर राइटिंग कंपीटिशन-2026' आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र को पचास हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी दिया जाएगा। छात्रों को जो पत्र लिखने का विषय दिया गया है वह मौजूदा हालात में बेहद रोचक व उपयोगी है। छात्र को अपने दोस्त को पत्र लिखना है कि मौजूदा डिजिटल दौर में लोगों का आपसी जुड़ाव व बातचीत क्यों जरूरी है। दरअसल, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की सोच को विस्तार देना और उनकी लेखन कला को निखारना है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता को जीतने वाले प्रतिभागी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने पर छात्र को स्विट्ज़रलैंड के बर्न स्थित यूपीए हेड क्वार्टर का दौरा करने का अवसर मिल सकता है। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी नौ से पंद्रह साल के ही होने चाहिए। वे अपनी एंट्री अंग्रेजी व हिंदी में भी दे सकते हैं। प्रतिभागी अपने स्कूल के माध्यम से ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। निश्चित रूप से बच्चों में लिखने की घटती प्रवृत्ति के दौर में यह एक रचनात्मक प्रयास है।

## आज का सुविचार

*गुलाब का फूल कांटों के बीच भी सुरक्षित रहता है, आपका अपने बारे में क्या विचार है?* **–ब्रह्मकुमारीज–फ्री राजयोग सेंटर**

## आज का पंचांग

शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है। इस तिथि पर वसंत पंचमी का त्योहार है, पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र व परिघा योग का संयोग बन रहा है। शुभ मुहूर्त की बात करें तो अभिजीत मुहूर्त 12:11 से 12:53 मिनट रहेगा। राहुकाल सुबह 11:13-12:32 मिनट तक रहेगा। चंद्रमा कुंभ राशि में संचरण करेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** (Aries — March 21 to April 19) आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अपने अच्छे कामों को लेकर कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे।

**वृष :** (Taurus — April 20 to May 20) आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको प्रमोशन आदि मिलने से उनका मन काफी खुश रहेगा।

**मिथुन :** (Gemini — May 21 to June 20) आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी नयी प्रॉपर्टी की खरीदारी की योजना बनाएंगे और विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा।

**कर्क :** (Cancer — June 21 to July 22) आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अपने रहन-सहन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

**सिंह :** (Leo — July 23 to August 22) आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी से कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं।

**कन्या :** (Virgo — August 23 to September 23) आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान की नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते है।

**तुला :** (Libra — September 23 to October 22) आज का दिन आपके लिए थोड़ा नुकसानदायक रहने वाला है, क्योंकि आपकी जल्दबाजी के कारण आप कुछ मुश्किलों में पड़ सकते हैं।

**वृश्चिक :** (Scorpio — October 23 to November 21) आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से समस्याएं खड़ी करेगा, क्योंकि आप अपने खान-पान पर कंट्रोल न करने के कारण पेट की समस्या होगी।

**धनु :** (Saggiatarias — Novermber 22 to December 21) आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।

**मकर :** (Capricon — December 22 to January 19) आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस की योजनाएं आपको पहले से बेहतर लाभ देंगी।

**कुंभ :** (Aquries — January 20 to February 18) आज आपका किसी नए घर की खरीदारी का सपना पूरा हो सकता है। आपको अपनी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखानी होगी और किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**मीन :** (Pisces — February 19 to March 20) आज का दिन आपके लिए किसी बहसबाजी से दूर रहने के लिए रहेगा, क्योंकि इससे ही आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी।

## आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान

**सिलीगुड़ी, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आने वाले दस साल हमारे युवाओं के होंगे वे लोग जो सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत से काम करते हैं, और जो देश की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ा रहे हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के अनुसार, लगभग 65% भारतीय 35 साल से कम उम्र के हैं। चाहे पहला घर खरीदना हो या जल्दी रिटायरमेंट पाने का सपना हो, इन सपनों को पूरा करने के लिए लंबी अवधि की व्यवस्थित वित्तीय योजना बनाना और बचत करना युवाओं के लिए बहुत जरूरी है। इस संदर्भ में, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक मार्केट-लिंक्ड जीवन बीमा योजना है, जो कमाई करने वाले युवाओं को दीर्घकालीन संपत्ति बनाने में मदद करने और उनके परिवार को वित्तीय सुरक्षा देने के लिए बनाई गई है। केवल 1,000 प्रति माह से प्रीमियम शुरू होने के कारण यह योजना सभी के लिए किफायती है। इससे युवा पेशेवर और पहली बार निवेश करने वाले लोग जल्दी निवेश शुरू कर सकते हैं।

## विवशता

खुशहाली भी जहाँ तम में गुजार दी जाती
गरीब निकले निःसहाय आत्मा दो जून की रोटी
वास्ते बेबस हो जाती नहीं दिखता कहीं भी
आधार परमात्मा का रोटी के जुगाड़ में मासूम
बेटियाँ बेच दी जातीं
हैवानियत जहाँ नग्न होकर नाचती
कानून और व्यवस्था उनके डर से थरथर काँपती
मजबूर, लाचार, विवश की आह!
नहीं कोई समझ पाता इस देश का गौरव
धूल के कणों में पता नहीं
कहाँ गुम हो जाता।

**– डॉ. राकेश शर्मा 'यश'**

# राजस्थान समाचार

## बम की अफवाह से ट्रेन में यात्रियों में अफरा-तफरी

**भरतपुर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान में दिल्ली-कोटा मार्ग पर हजरत निजामुद्दीन से कोटा के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 12060 जनशताब्दी एक्सप्रेस में आज बम की झूठी खबर से अफरा-तफरी मच गयी। रेल सूत्रों ने बताया कि हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से अपने निर्धारित समय दोपहर सवा बजे रवाना होने के बाद मथुरा जंक्शन पहुंचने से पहले किसी ने ट्रेन में बम होने की सूचना दी। इस पर अपराह्न तीन बजे भरतपुर के नजदीकी मथुरा जंक्शन पर रोक यात्रियों को ट्रेन से उतारकर बम निरोधक दस्ते एवं भारी पुलिस जाप्ते ने करीब एक घण्टे तक ट्रेन में चप्पे-चप्पे की तलाशी ली।

## छात्रा का बैग बस में छूटा, पीछा करते चाचा की मौत; भतीजी घायल

**अलवर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** अलवर जिले में कठूमर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर सड़क मार्ग पर एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। मानपुर पुलिया के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी 19 वर्षीय भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब चाचा अपनी भतीजी का बस में छूटा बैग वापस लेने के लिए रोडवेज बस का पीछा कर रहे थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौंख निवासी पायल मीणा (19) जयपुर से रीट की परीक्षा देकर रोडवेज बस से कठूमर लौटी थी। बस स्टैंड पर उतरते समय पायल अपना बैग गलती से बस में ही भूल गई। उसे लेने स्टैंड पर आए उसके चाचा नरेश मीणा (25) को जब इसकी जानकारी मिली, तो वे तुरंत पायल को बाइक पर बैठाकर उसी रोडवेज बस का पीछा करने लगे ताकि अगले स्टैंड तक बस को पकड़ सकें।

## मुख्यमंत्री ने किसानों, महिलाओं एवं श्रमिकों को हस्तांतरित किये 1590 करोड़ रुपये

**जयपुर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि की पांचवीं किश्त और अन्य योजनाओं के तहत प्रदेशभर के किसानों, महिलाओं एवं श्रमिकों को 1590 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित कर



बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर कल से प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर प्रारंभ होने वाले ग्राम उत्थान शिविरों का लघु वीडियो फिल्म के माध्यम से शुभारंभ किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि प्रदर्शनी में सहकारिता, पशुपालन, एफपीओ एवं प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी एवं एग्री स्टार्टअप की स्टॉल पर कृषि यंत्रों, उत्पादों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने राजस्थान के मूल निवासी एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के. पुरोहित को पुष्पांजलि अर्पित की।

## 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदले गये

**जयपुर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** राज्य सरकार ने एक साथ सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदल दिए हैं। प्रशासनिक सुधार विभाग ने आज नए सिरे से प्रभारी सचिवों की नियुक्ति के आदेश जारी किए। इससे पहले 28 फरवरी 2024 को प्रभारी सचिवों में बदलाव किया गया था। इसके बाद यह पहली बार है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जिलों के प्रभारी सचिव बदले गए हैं। इस फेरबदल में दो एपीओ चल रहे आईएएस अधिकारियों को भी प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। एपीओ पीसी किशन को दौसा और खजान सिंह को सलूंबर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। पोस्टिंग से पहले एपीओ अधिकारियों को जिले की जिम्मेदारी सौंपे जाने यह मामला चर्चाओं में है, क्योंकि प्रक्रियागत रूप से सरकार पहले आईएएस को पोस्टिंग देती है और उसके बाद इस तरह की दूसरी जिम्मेदारियां दी जाती है। इसके साथ ही संभागीय आयुक्तों को भी जिलों के प्रभारी सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री ए. राठौड़ को जयपुर और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा को जोधपुर का प्रभारी सचिव बनाया गया है। खनन विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत को उदयपुर, खेल एवं युवा मामलों के सचिव नीरज के. पवन को अजमेर, सहकारिता रजिस्ट्रार आनंदी को भरतपुर और यूडीएच के प्रमुख सचिव देवाशीष पृष्टि को बीकानेर का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

## गत दो साल की परीक्षाओं की भी कराएं जांच



**उदयपुर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड में परीक्षा की ओएमआर शीट बदलने के नए खुलासे के बाद अब 2024 एवं 2025 की सभी परीक्षाओं की भी गंभीरता एवं गहराई से जांच कराने की राज्य सरकार से मांग की हैं। श्री गहलोत ने गुरुवार को अपने बयान में मांग करते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह करते हैं कि इस नए खुलासे के बाद अब 2024 एवं 2025 की सभी परीक्षाओं की भी गंभीरता एवं गहराई से जांच कराई जाए। उन्हें उम्मीद है कि युवाओं के भविष्य के मद्देनजर सरकार तत्काल कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि आरएसएसबी में ओएमआर शीट बदलने के खुलासे ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसओजी की रिपोर्ट के अनुसार नौ साल पहले यानी 2018 से पूर्व की भाजपा सरकार से शुरू हुआ यह खेल 2026 तक जारी रहा है जो बेहद ही चिंताजनक तथ्य है।

## पहले भगवान के आगे हाथ जोड़े, फिर दानपात्र लेकर हुआ फरार

**उदयपुर, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** शहर के राधा-कृष्ण मंदिर में दिनदहाड़े चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह रही कि आरोपी ने पहले भगवान के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी और फिर दानपात्र चोरी करके फरार हो गया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार चोर ने मंदिर में रखे दो दानपात्रों में से एक दानपात्र चोरी कर लिया, जिसमें करीब 500 रुपये थे। दूसरा दानपात्र लगभग 4,500 रुपये का था लेकिन वजन अधिक होने के कारण बदमाश उसे उठा नहीं सका और वहीं छोड़कर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी पहले भगवान के सामने हाथ जोड़ता है, फिर आसपास नजर दौड़ाता है। इसके बाद वह दानपात्र को एक थैली में डालता है और खिड़की के रास्ते मंदिर से बाहर निकल जाता है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है। सोसायटी सचिव आनंद यादव ने गोवर्धन विलास थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।




## सुभाष चन्द्र बोस ने प्रधानमंत्री को प्रभावित किया

■ *मंजुरानी गुटगुटिया*


बात उस समय की है जब सुभाषचन्द्र बोस जापान पहुंचे। वहां के प्रधानमंत्री ने उन्हें सामान्य नेता समझा। सामने आने पर प्रधानमंत्री हिन्द की तेजो जैसे ही नेता जी से मिले उनके अंदर जो देश को आजाद देखने की ज्वाला और आवाज में जैसे प्रति व्यक्ति का दर्द समाया हो। उन्होंने पहली बार किसी गुलाम देश के नेता को शेर जैसी दहाड़ सुनी और सोचा जरूर कुछ मदद मांगेंगे, लेकिन नेताजी ने कहा- जापान कुछ मदद दे या न दे भारत अवश्य आजाद होगा। प्रधानमंत्री ने समझ लिया यह व्यक्ति उन्हें डराने नहीं आया, बल्कि इतिहास लिखने आया है। उन्होंने नेताजी से पूछा आपके कितनी जापानी सेना चाहिये? नेताजी ने कहा मुझे आपकी सेना नहीं चाहिए, बस इतना साथ चाहिये कि अपने देश के जवानों को शेर बना सकूं। प्रधानमंत्री तेजो दंग रह गये। उन्होंने ऐसा आत्मविश्वास



सिर्फ महापुरुषों में ही देखा था। वे कुर्सी से उठ खड़े हुए और नेताजी से हाथ मिलाते हुए बोले- आपके साथ रहकर कोई भी या तो आपका दुश्मन होगा या सैनिक और जापान ने बोस की अपना दोस्त और योद्धा मान लिया। कारण वे कोई नेता नहीं, चलते-फिरते इकबाल थे। उनके सामने देश नहीं, बल्कि जन्मभूमि की लड़ाई नहीं बल्कि कर्तव्य था। मौत नहीं, बल्कि आजादी थी। अतः प्रधानमंत्री बोलने से अपने को रोक नहीं सके- 'भारत को आजादी दिलाने वाला व्यक्ति मेरे सामने खड़ा है।'

## छायावादी महान कवि निराला

■ *मंजुरानी गुटगुटिया*



कवि साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला छायावादी कवियों में प्रमुख थे। जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत इनके समकालीन साहित्यकार थे। निराला जी का जन्म बंगाल के मेदिनीपुर में हुआ था। बाद में वे प्रयाग आ गये। उनका दुर्भाग्य था कि पिछली शताब्दी के महामारी में अपनी पत्नी तथा बेटी को खो बैठे। प्रयाग के दारागंज के छोटे कमरे में नितांत अकेले जीवन निर्वाह करते। प्रयाग में साहित्यकारों का जमावड़ा उनके यहां लगा रहता था। आपस में वाद-विवाद होता तो वे खाना बनाते-बनाते इतने उत्तेजित हो जाते कि लुआठी (खाना बनाने की लकड़ी) लेकर किसी के भी पीछे लग जाते और दो किलोमीटर भारती भवन पुस्तकालय पहुंचकर पुस्तक का संदर्भ देते हुए शांत होते। स्वभाव से फक्कड़, अनेकों निबंध, कविताओं को लिखने वाले जिसमें सरोज स्मृति उनकी पुत्री के वियोग में अति प्रसिद्ध रचना है। अन्य आठ कविताएं प्रसिद्धि पा चुकी है। महादेवी जी को अपनी बड़ी बहन बना रखा था। महादेवी जी को भी उनके फक्कड़ स्वभाव का ज्ञान था। अतः वे सदैव उनकी मदद किया करती थी। दारागंज से इक्का पर बैठकर महादेवी जी के निवास अशोक नगर पहुंच जाते। उस समय इक्का कुछ आना सवारी (आना यानी पांच दस पैसा) देकर पहुंच जाते। महादेवी जी समझ जाती और चुपचाप चार-पांच सौ रुपये उनके हाथ पर रख देती। साथ ही कुछ आना पैसा सवारी के लिये भी। रास्ते में पत्थर तोड़ती महिला बेटा सम्भलकर चलना पत्थर छिटक रहा है। इतना सुनते सारा पैसा उसके हाथों में रखकर बढ़ चलते। इसने मुझे बेटा कहा, यह तो मेरा धर्म ही है। ऐसी कितनी ही घटनाएं हैं, जहां वे अमीर नहीं हो पाते। सदैव बांटते रहते, चाहे शाल दुशाला हो, कवि सम्मेलनों की मिलने वाली धन राशि हो। उनका लगाव केवल अपनी रचनाओं से था। साहित्य जगत में अनुपम योगदान देने वाले इस महान आत्मा का 1961 में प्रयाग में निधन हो गया।



*इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज कोलकाता के न्यूरोरिहैबिलिटेशन विभाग की प्रेरणादायक यात्रा का वर्णन करने वाली पुस्तक 'टचिंग टुमॉरो... मिरेकल्स डू हैपन' के विमोचन अवसर पर बाची करकारिया, मुनमुन सेन, जैन मिश्रीलाल, डॉ. सुपर्ण गांगुली (एचओडी रिहैब विभाग), एम.के.सिंह, प्रो. अनुपम चट्टराज (डीजीए)।*

## बंधन बैंक का कारोबार 3 लाख करोड़ पार

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 11% से बढ़कर 3.02 लाख करोड़ रुपये हो गया। बैंक के कुल जमा में खुदरा (रिटेल) खंड की हिस्सेदारी अब 72% है। तीसरी तिमाही में दर्ज व्यावसायिक वृद्धि का प्रमुख आधार बैंक के विस्तरित वितरण नेटवर्क, बेहतर परिचालन दक्षता और अनुकूल व्यावसायिक माहौल रेह। बैंक अब भारत के कुल 36 में से 35 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 6,350 से अधिक बैंकिंग आउटलेट के ज़रिये लगभग 3.25 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बंधन बैंक में काम करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 74,500 से अधिक है। वित्त वर्ष '26 की तीसरी तिमाही के दौरान, बैंक ने अपने जमा आधार में साल-दर-साल 11% की वृद्धि दर्ज की, और अब कुल जमा आधार ₹1.57 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। इसी अवधि के लिए कुल अग्रिम (एडवांस) ₹1.45 लाख करोड़ पर पहुंच गया।

# सिलीगुड़ी समाचार

## दिलीप साहा कूच बिहार म्युनिसिपैलिटी के चेयरमैन

**कूच बिहार, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** रवींद्रनाथ घोष के इस्तीफे के ग्यारह दिन बाद दिलीप साहा ने कूच बिहार म्युनिसिपैलिटी के मेयर के तौर पर शपथ ली। दिलीप ने बुधवार, 21 जनवरी को म्युनिसिपैलिटी के बोर्ड ऑफ काउंसिलर्स की मीटिंग के बाद शपथ ली। दिलीप कूच बिहार म्युनिसिपैलिटी के वार्ड नंबर 5 के काउंसिलर हैं। वे लगभग बीस साल से काउंसिलर हैं। पेशे से टीचर दिलीप तृणमूल पार्टी की शुरुआत से ही इसके साथ हैं। उन्हें साफ-सुथरी इमेज वाले इंसान के तौर पर भी जाना जाता है। चार्ज लेते हुए दिलीप ने कहा, चेयरमैन की जिम्मेदारी देने के लिए माननीय



मुख्यमंत्री का शुक्रिया। जिला तृणमूल प्रेसिडेंट अभिजीत डे भौमिक का भी शुक्रिया। मैं कूच बिहार म्युनिसिपैलिटी के डेवलपमेंट पर जोर देना चाहता हूं। मैं पीने के पानी, ड्रेनेज सिस्टम, कचरा कलेक्शन को अहमियत दूंगा। बिजनेसमैन के साथ रेवेन्यू को लेकर जो झगड़ा है, उसे सुलझाने की कोशिश करूंगा। हालांकि, आज की बोर्ड ऑफ काउंसिल मीटिंग में रवींद्रनाथ नहीं दिखे। तृणमूल कूचबिहार डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अभिजीत ने कहा, नया बोर्ड शहर के डेवलपमेंट के लिए काम करेगा। रेवेन्यू को लेकर बिजनेसमैन और लोकल लोगों के साथ जो मतभेद हैं, उन्हें सात दिनों के अंदर सुलझा लिया जाएगा। करीब डेढ़ महीने तक चले विवाद के बाद 10 जनवरी को रवींद्रनाथ घोष ने कूचबिहार म्युनिसिपैलिटी चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था। फिर 13 तारीख को बोर्ड ऑफ काउंसिल की मीटिंग में वार्ड नंबर 9 की काउंसलर वाइस चेयरमैन अमीना अहमद को टेम्परी चार्ज दिया गया।

## कॉलेज में प्लैटिनम जुबली की तैयारी

**सिलीगुड़ी, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** सिलीगुड़ी कॉलेज के प्लैटिनम जुबली समारोह के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले आयोजनों का समापन अब अपने अंतिम चरण में है। आगामी 25 और 26 जनवरी को आयोजित होने वाली विशेष सांस्कृतिक संध्या के साथ इस ऐतिहासिक वर्ष का भव्य समापन होगा, जिसकी तैयारियाँ कॉलेज प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। कॉलेज के प्राचार्य कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई।

## बीजेपी विधायक का 'भूख हड़ताल, ड्रामा : चेयरमैन

**सिलीगुड़ी, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** शंकर घोष के भूख हड़ताल को लेकर सिलीगुड़ी में ज़बरदस्त पॉलिटिकल टेंशन शुरू हो गई है। सिलीगुड़ी नगर निगम चेयरमैन प्रतुल चक्रवर्ती ने दावा किया है कि MLA के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और झूठे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम चेयरमैन और बीजेपी एमएलए दोनों सिलीगुड़ी के एक ही वार्ड में रहते हैं। MLA शंकर घोष ने हाल ही में उस वार्ड में दो डेवलपमेंट के काम किए हैं, जिसमें एडमिनिस्ट्रेशन ने पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने साफ तौर पर दावा किया कि चड- के काम में कभी रुकावट नहीं आई है। चेयरमैन प्रतुल चक्रवर्ती ने मज़ाक में कहा कि MLA वोट से पहले हमदर्दी पाने के लिए भूख हड़ताल नाम का 'ड्रामा' कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि MLA आम लोगों के लिए काम करने में नाकाम हैं, और उस नाकामी को छिपाने के लिए ऐसे प्रोग्राम किए गए हैं। इस घटना ने सिलीगुड़ी के राजनीतिक हलकों में नया हंगामा खड़ा कर दिया है, जहां एक तरफ बीजेपी एडमिनिस्ट्रेटिव कमी के आरोप लगा रही है, वहीं दूसरी तरफ रूलिंग पार्टी उन आरोपों को खारिज करते हुए काउंटर-अटैक कर रही है।



*काशी बोस लेन स्थित Roddur क्लब की ओर से आयोजित सरस्वती पूजा पंडाल में देवी की कलात्मक प्रतिमा।*

## एलजी ने उद्योग में बनाई बढ़त

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** गर्मियों के पीक सीजन से पहले, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड, सबसे भरोसेमंद ब्रांड (इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी में) ने घोषणा की है कि वह 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) स्टार रेटिंग मानकों के पूरी तरह अनुरूप एयर कंडीशनरों की व्यापक रेंज पेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में शामिल है। LGEIL की यह अग्रिम पहल सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आज ही सबसे उन्नत और ऊर्जा-कुशल कूलिंग तकनीक उपलब्ध हो सके।

## एमवे का न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस लांच

**सिलीगुड़ी, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** आज के तेज़-रफ्तार जीवन में देर रात तक जागने की आदत, बढ़ते तनाव और पोषक तत्वों की कमी वाले आहार के कारण, स्वस्थ दिखने वाले बाल, त्वचा और नाखून भी अपनी प्राकृतिक चमक और मजबूती खो सकते हैं। जैसे-जैसे उपभोक्ता 'भीतर से सुंदरता' की अवधारणा वाले उत्पादों को अपना रहे हैं, स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट' बायोटिन सी प्लस (जिंक एवं बीटा कैरोटीन के साथ) लॉन्च किया है-जो एक वैज्ञानिक रूप से तैयार न्यूट्रास्युटिकल है। जिसमें भीतर से स्वस्थ बालों, त्वचा और नाखूनों को सहारा देने वाले तत्व शामिल हैं।

# आसनसोल समाचार

## स्कूल में हिंसा, मचा बवाल



**आसनसोल, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** आसनसोल के ओल्ड स्टेशन हाईस्कूल स्थित हियरिंग सेंटर में उस समय भारी तनाव फैल गया, जब तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा के असामाजिक तत्वों ने उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। तृणमूल नेतृत्व का दावा है कि सुनवाई प्रक्रिया के दौरान भाजपा समर्थित गुंडा तत्व अचानक आक्रामक हो गए और योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया। इस हिंसा में एक वाहन में भी तोड़फोड़ किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हमले के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आसनसोल के भंगापांचिल इलाके में जीटी रोड जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण लंबी दूरी तक वाहनों की कतार लग गई और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही आसनसोल दक्षिण थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस के साथ काफी देर तक बातचीत के बाद और उचित कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम हटाया। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हुआ

## नेत्र रोग विशेषज्ञ ने किया जागरूक

**आसनसोल, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** कोलकाता। डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल, कोलकाता के कंसल्टेंट नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. समर सेनगुप्ता ने कहा, हम स्टेरॉयड के कारण होने वाले ग्लूकोमा के मामलों में लगातार वृद्धि देख रहे हैं, खासकर उन मरीजों में जो बिना डॉक्टर की सलाह के स्टेरॉयड दवाइयों या आई ड्रॉप्स का उपयोग कर रहे हैं। इसकी सबसे खतरनाक बात यह है कि शुरुआत में मरीज को कोई लक्षण महसूस नहीं होता, जबकि आंखों का दबाव लगातार बढ़ता रहता है और स्थायी नुकसान होता जाता है। पिछले दो से तीन वर्षों में ग्लूकोमा के मामलों में वृद्धि देखी गई है, जिसका कारण बढ़ती उम्र की आबादी, डायबिटीज़ और मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) के मामलों में वृद्धि, बेहतर जांच तकनीक और जन जागरूकता है।





सूर्योदय 6.18 बजे

सूर्यास्त 5.18 बजे

■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 व 15 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 93% तथा 72% रही।

बारिश नहीं हुई

● श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण एवं अन्य देवगण 51, कॉटन स्ट्रीट, बड़ाबाजार में नि:शुल्क फिजियोथेरॉपी सुबह 8 से 10 बजे तक एवं नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा सायं 5 से 7 बजे तक। सुबह 10.30 से 11 बजे तक नि:शुल्क भोजन 21 लोगों के लिए।

## शोक समाचार



**श्रीमती सरोज बिनायकिया**, 20 जनवरी, **श्री ओम प्रकाश राठी**, वीआईपी एन्क्लेव-2, बागुईहाटी, कोलकाता का 16 जनवरी, **श्री गोपाल कुमार भंडारी**, 17 जनवरी को परलोक गमन हो गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने हृदय में स्थान दें और परिवार को इस अपार दु:ख सहने की शक्ति दें।

'**शोक समाचार**' स्तंभ में शोक समाचार देने अथवा हमारे समाचार पत्र में शोक संबंधी विज्ञापन प्रकाशित करने को इच्छुक पाठक 9062771550 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## बंगाल की मुख्य खबरें

**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** आज पश्चिम बंगाल की मुख्य खबरें इस प्रकार रहीं :-

- कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन, CP ममता बोलीं- पिछली बार बिकी थीं 23 करोड़ रुपये की किताबें; लेखक स्वप्नॉय चक्रवर्ती लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित; ममता की 9 पुस्तकें प्रकाशित होंगी
- इस बार 1956 में 0 जुड़ जाएगा, BJP नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को नंदीग्राम से दोबारा विधानसभा चुनाव लड़ने की दी चुनौती
- मंत्री अरूप बिस्वास के हस्तक्षेप से सुलझा योगेश चंद्र चौधरी कॉलेज में सरस्वती पूजा आयोजन विवाद! अब डे कॉलेज की पूजा परिसर के प्रवेश द्वार पर, लॉ कॉलेज की पूजा परिसर के अंदर होगी
- केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने उत्तर दिनाजपुर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष से BJP में शामिल होने का किया आग्रह
- विकास में बाधा डालने के आरोप, सिलीगुड़ी में भूख हड़ताल पर बैठे BJP विधायक शंकर घोष
- सरस्वती पूजा के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सरकार को जादवपुर विश्वविद्यालय में सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया आदेश
- मध्यमग्राम के डिगबेरिया स्थित पेंट फैक्ट्री में भीषण आग, युद्धस्तर पर जुटे दमकलकर्मी
- हावड़ा-दीघा ताम्रलिप्त एक्सप्रेस के इंजन के हुक में फंसा मिला 59 वर्षीय महिला का शव, कांथी स्टेशन पर भयावह दृश्य देखकर लोग स्तब्ध

# मुख्य सचिव, डीजीपी, सीपी को चुनाव आयोग का पत्र

## कानून व्यवस्था पर आंच आने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** जहां चुनाव आयोग ने मुख्य बंगाल के सचिव, डीजी और मेयर को कड़ा पत्र भेजा, कानून-व्यवस्था तोड़ने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं बताया गया है कि, कथित लॉजिकल गड़बड़ियों की सूची शनिवार को को जारी की जाएगी। उक्त मुद्दे पर चुनाव आयोग ने सीधे राज्य के टॉप एडमिनिस्ट्रेटिव और पुलिस अधिकारियों को लिखा है कि वे यह पक्का करें कि पश्चिम बंगाल में कोई अशांति, गड़बड़ी या प्रशासनिक लापरवाही न हो, सुनवाई या सुधार प्रक्रिया पर ध्यान रखना होगा। राज्य के मुख्य सचिव, राज्य पुलिस के डीजी और कोलकाता के नगर निगम के कमिश्नर को भेजे गए लेटर में उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त रवैया अपनाने का निर्देश दिया गया है। मुख्य चुनाव आयोग कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने काम में लापरवाही नहीं करने की जहां चेतावनी दी है। वहीं ज्ञानेश कुमार ने आज बंगाल के नागरिकों को साफ भरोसा भी दिया है। उन्होंने एक चेतावनी के तहत कहा- ''पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों की सुरक्षा पक्की की जाएगी। प्रशासन इस पर कड़ी नजर रखेगा ताकि कोई भी कानून अपने हाथ में न ले सके।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगर ऐसी कोई घटना होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग के पत्र में साफ़ तौर पर कहा गया है कि एसआईआर फेज के दौरान हर जगह कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर को याद दिलाते हुए। आयोग ने चेतावनी दी है कि अगर इस ऑर्डर को नहीं माना गया या अधिकारियों की किसी भी कार्रवाई या लापरवाही से वोटर लिस्ट रिवीजन प्रोसेस में रुकावट आई, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इस बीच, इलेक्शन कमीशन ने पश्चिम बंगाल में मौजूदा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी और अनमैप्ड वोटर्स को लेकर एक नोटिफिकेशन भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर का पालन करते हुए, 24 जनवरी, 2026 तक इन दोनों कैटेगरी के वोटर्स के नाम पब्लिक में दिखाने का फैसला किया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से राज्य के चीफ इलेक्शन ऑफिसर को भेजे गए दिश निर्देश में बताया गया है कि यह लिस्ट ग्राम पंचायत बिल्डिंग, ब्लॉक ऑफिस, तालुक लेवल ऑफिस और शहरों के वार्ड ऑफिस समेत सभी ज़रूरी पब्लिक जगहों पर दिखाई जानी चाहिए। मकसद एक है - ताकि वोटर्स आसानी से जान सकें कि उनका नाम किसी प्रॉब्लम वाली लिस्ट में है या नहीं।


## सियालदह मंडल के तहत पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

**सियालदह मंडल के कांकुरगाछी रोड जंक्शन-बालीगंज खंड** में अप कॉर्ड लाइन और डाउन कॉर्ड लाइन पर ब्रिज नंबर X-25 के गर्डरों को स्थापित करने के लिए, **दिनांक 24.01.2026 (शनिवार) को 22.00 बजे से दिनांक 25.01.2026 (रविवार) को 21.00 बजे तक** 23 घंटे के पावर और ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:

● **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 25.01.2026 (रविवार)] : (i)** कोमागाटा मारू बजबज - नैहाटी जंक्शन : 31053 अप **(ii)** नैहाटी-सियालदह :31422 डाउन, 31442 डाउन, 31446 डाउन, 31431 अप **(iii)** मध्यमग्राम-माझेरहाटः 30358 डाउन, 30357 अप **(iv)** कैनिंग-बारासातः 33061 अप **(v)** नैहाटी-माझेरहाटः 30152 डाउन, 30154 डाउन, 30123 अप **(vi)** माझेरहाट-रानाघाटः 30135 अप **(vii)** कोमागाटा मारू बजबज - सियालदहः 34157 अप, 34117 अप **(viii)** माझेरहाट-हासनाबादः 30321 अप।

● **ट्रेनों का नियंत्रण [दिनांक 25.01.2026 (रविवार)] : (i)** 34052 और 34054 डाउन नैहाटी जंक्शन- कोमागाटा मारू बजबज लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (उत्तर) में यात्रा समाप्त करेगी। **(ii)** 31051 और 31055 अप कोमागाटा मारू बजबज-नैहाटी जंक्शन लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (दक्षिण) में यात्रा समाप्त करेगी। **(iii)** 34056 डाउन कल्याणी सीमांत-कोमागाटा मारू बजबज लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (उत्तर) में यात्रा समाप्त करेगी। **(iv)** 30112 डाउन बैरकपुर-बालीगंज लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (उत्तर) में यात्रा समाप्त करेगी। **(v)** 30346 डाउन बनगांव-माझेरहाट लोकल बारासात जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(vi)** 30142 डाउन गेदे-माझेरहाट लोकल दमदम जंक्शन (प्लेटफार्म सं. 5) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(vii)** 34062 डाउन बनगांव-कैनिंग लोकल बारासात जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(viii)**30361 अप माझेरहाट-हासनाबाद लोकल बारासात जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(ix)** 30333 अप माझेरहाट-हाबरा लोकल बारासात जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(x)** 30552 बालीगंज जंक्शन-घुटियारी शरीफ लोकल माझेरहाट से 19.30 बजे यात्रा शुरू करेगी और माझेरहाट एवं बालीगंज के बीच सभी स्टेशनों पर ठहराव के साथ चलेगी। **(xi)** 33521 अप सियालदह-हासनाबाद लोकल रविवार को चलेगी। **(xii)** रानाघाट जंक्शन के लिए एक अप पैसेंजर स्पेशल सियालदह से 15.05 बजे शुरू होगी और बिधान नगर रोड से नैहाटी तक 31053 के मार्ग पर चलेगी एवं नैहाटी से पैसेंजर स्पेशल के रूप में (नैहाटी से 16.07 बजे प्रस्थान) रानाघाट के लिए चलेगी और मार्ग में नैहाटी और रानाघाट के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन सेवा विलंबित हो सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**


# मध्यमग्राम में पेंट गोदाम में भीषण आग



**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** आज दोपहर मध्यमग्राम के एक पेंट गोदाम में अचानक आग लग गई। चूंकि गोदाम में रसायन भरे हुए थे, इसलिए आग तेजी से फैल गयी और विकराल रूप धारण कर लिया। पांच दमकल गाड़ियां मौके पर मौजूद थी। आग पर काबू पाने के लिए युद्धस्तर प्रयास किए जा रहे थे। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकलकर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। किसी तरह के जान-माल के हानि की कोई खबर नहीं है। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। आज दोपहर को मध्यमग्राम बदूर के दिगबेरिया गेट नंबर 2 इलाके में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार, घटना के समय फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। लेकिन घटना के बाद सभी लोग घबराकर बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही सबसे पहले एक दमकल इंजन मौके पर पहुंचा। बाद में कई और दमकल इंजन भी मौके पर पहुंचे। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि पल भर में फैल गई। पूरी फैक्ट्री आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते चारों ओर काला धुआं छा गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दो साल पहले मध्यग्राम के बादू इलाके में स्थित इसी पेंट गोदाम में इसी तरह की आग लगी थी।

# नंदीग्राम सामूहिक बलात्कार मामला

## सीबीआई ने 19 साल बाद मुख्य गवाह को गिरफ्तार किया

**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** 2007 के बहुचर्चित नंदीग्राम सामूहिक बलात्कार मामले ने एक बार फिर सनसनी मचा दी है। घटना के लगभग 19 साल बाद, इस मामले की मुख्य गवाहों में से एक इंदुबाला दास को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी सीपीआई (एम) के लोग ही असली आरोपी हैं। चूंकि वे पहुंच से बाहर हैं, इसलिए केंद्रीय जांच एजेंसी मामले के गवाहों को निशाना बना रही है। यह उल्लेखनीय है कि 14 मार्च 2007 को नंदीग्राम में पुलिस फायरिंग में 14 लोग मारे गए थे। इस घटना के अगले दिन, 15 मार्च को, गोकुलनगर क्षेत्र में एक मां और उसकी दो बेटियों के साथ सामूहिक बलात्कार के आरोप सामने आए। इस घटना ने राज्य की राजनीति में भारी हलचल मचा दी थी। बाद में सीबीआई ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली। लंबी जांच के बाद भी आरोपियों को सजा न मिलने पर कई बार सवाल उठाए गए। तृणमूल का दावा है कि इस मामले का मुख्य आरोपी मर चुका है। आरोप है कि दो अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। हालांकि, इतने सालों बाद इस मामले की मुख्य गवाह इंदुबाला दास को गिरफ्तार किया गया। बुधवार दोपहर को सीबीआई ने अचानक 19 साल पुराने इस मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया।इंदुबाला के राजनीतिक अतीत को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। यह ज्ञात है कि वह कभी सीपीएम की सदस्य थीं। बाद में, उसने नंदीग्राम भूमि आंदोलन में भाग लिया। 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले वह भाजपा में शामिल हो गईं। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि उन्हें उनकी राजनीतिक पहचान के कारण निशाना बनाया गया। गिरफ्तारी के बाद तृणमूल ने इंदुबाला के साथ खड़े रहने का संदेश दिया है। पार्टी ने कानूनी लड़ाई में उनकी मदद का आश्वासन भी दिया है।

# विश्वभारती के छात्र की रहस्यमय मौत

**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** विश्वभारती विश्वविद्यालय के एक शोध छात्र का शव शांतिनिकेतन के एक किराए के मकान से बरामद किया गया है। मृतक छात्र की पहचान राजीव रामचंद्रन (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि छात्र केरल का निवासी था। बुधवार रात सिमंतपल्ली इलाके में हुई इस घटना से विश्वविद्यालय में सनसनी फैल गई है। पता चला है कि राजीव विश्वभारती के कला भवन में शोध छात्र थे। उस रात स्थानीय लोगों ने किराए के मकान की खिड़की से राजीव को बेहोश पड़ा देखा। सूचना मिलते ही शांतिनिकेतन पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

# इंटाली में इमारत की लिफ्ट से लापता बच्चे का शव मिलने पर हड़कंप



**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** महानगर कोलकाता के इंटाली थाना इलाके के एक निर्माणाधीन इमारत की लिफ्ट से एक लापता बच्चे का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। जिस बच्चे का शव मिला है उसका नाम प्रीतम (3) है। तीन साल के मासूम बच्चे प्रीतम की इस तरह से मौत से इलाके में शोक की लहर है। बुधवार दोपहर को ही इंटाली थाना इलाके के कॉन्वेंट लेन निवासी उक्त बच्चा लापता हो गया था। थाने में मामले की जानकारी भी दी गई है। बच्चे के लापता होने के बाद से ही पुलिस व उसके परिजन उसे तलाश रहें थे। प्राथमिक जानकारी में बताया गया है कि, उक्त बच्चा अपनी मां के साथ शाम करीब 4:30 बजे कॉन्वेंट लेन स्थित उपरोक्त निर्माणाधीन इमारत की छत पर सूखे कपड़े लेने गया था। बताया जाता है कि मां ने बच्चे को पहले नीचे जाने के लिए कहा, लेकिन जब वह नीचे आई तो उसे बच्चा वहां नहीं मिला। इसके बाद इंटाली पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई और इमारत के अंदर और आसपास तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन बच्चा नहीं मिला। उसी रात बाद में, इमारत के भूतल पर स्थित लिफ्ट के अंदर बच्चा बेहोश पाया गया। उसे तुरंत एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ऊंचाई से गिरने के कारण बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है और इस स्तर पर किसी प्रकार की साजिश का पता नहीं चला है। हालांकि, निर्माण स्थल पर सुरक्षा गार्ड की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए गए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और मौत के सटीक कारण का पता लगाने के लिए बच्चे के शव को पोस्टमार्टम को लिए भेजा गया है।


## पूर्वोत्तर रेलवे के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-बुढ़वल खंड में गोंडा और गोंडा कचहरी स्टेशनों (5 किमी.) के बीच तीसरी लाइन के लिए, प्री-प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 18.02.2026 से 08.03.2026 तक), प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 09.03.2026 से 17.03.2026 तक) और नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 18.03.2026 से 19.03.2026 तक) कार्य एवं दिनांक 20.03.2026 को सीआरएस इंस्पेक्शन के लिए, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **पुनर्निर्धारण: 13019** हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 18.03.2026) हावड़ा से 3 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: 13509** आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24.02, 03.03, 10.03 और 17.03.2026) मनकापुर जंक्शन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **13510** गोंडा-आसनसोल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 25.02, 04.03, 11.03 और 18.03.2026) मनकापुर जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं दोनों ट्रेनें मनकापुर जंक्शन और गोंडा के बीच रद्द रहेंगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# मूड़ीगंगा में डूबा बांग्लादेशी जहाज

## यांत्रिक खराबी, 12 लोगों को बचाया गया



**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** मुड़ीगंगा नदी में यांत्रिक खराबी के कारण एक बांग्लादेशी मालवाहक जहाज के डूबने से नदी किनारे के इलाकों में सनसनी फैल गई है। यह दुर्घटना कचुबेरिया के पास मुड़ीगंगा नदी के मध्य में हुई। प्रशासन सूत्रों के अनुसार, जहाज कोलकाता बंदरगाह से माल लेकर बांग्लादेश जा रहा था। दुर्घटनाग्रस्त जहाज का नाम एमवी तमजीद एंड नासिर है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि जहाज का इंजन अचानक खराब हो गया। इसके परिणामस्वरूप, जहाज अनियंत्रित होकर नदी की तेज धारा में बह गया। कुछ ही समय में जहाज के निचले हिस्से में दरारें पड़ गईं और पानी अंदर आने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, जहाज पर मौजूद नाविकों ने तुरंत मदद की गुहार लगाई।

सूचना मिलते ही सागर पुलिस स्टेशन की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहाज पर सवार बारह बांग्लादेशियों को बचा लिया गया। प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, जहाज पर सवार सभी बांग्लादेशी नाविकों और श्रमिकों को सुरक्षित बचा लिया गया। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बचाए गए नाविकों को प्राथमिक उपचार भी दिया गया। डूबे हुए जहाज में किस प्रकार का सामान लदा था, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन इस बात पर भी नजर रख रहा है कि कहीं नदी में तेल या कोई हानिकारक रसायन तो नहीं फैल गया है। पर्यावरण विभाग को इस मामले की जानकारी दे दी गई है और नदी के पानी की जांच के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस घटना के कारण मुड़ीगंगा नदी में कुछ समय के लिए नौवहन बाधित रहा। एहतियात के तौर पर कई नौकाओं और मालवाहक जहाजों का मार्ग बदल दिया गया। स्थानीय मछुआरे भी दहशत में थे, क्योंकि नदी में प्रदूषण फैलने का खतरा था। प्रशासन ने सूचित किया है कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए पूरी जांच की जाएगी। इसके अलावा, डूबते हुए जहाज को नदी से जल्द से जल्द निकालने की योजना बनाई जा रही है। इस घटना ने नदी में चलने वाले जहाजों के यांत्रिक रखरखाव और सुरक्षा उपायों पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विद्यासागर सेतु सप्ताहांत में 16 घंटे बंद रहेगा

**कोलकाता, 22 जनवरी (निप्र)।** विद्यासागर सेतु पर लंबे समय से मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। कोलकाता-हावड़ा को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण पुल एक बार फिर बंद रहेगा। रविवार, 25 जनवरी, 2026 को कुल 16 घंटे के लिए यातायात बंद रहेगा (दूसरी बार हुगली पुल बंद रहेगा) - कोलकाता पुलिस ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण यातायात अपडेट साझा किया है। सरकारी सूचना के अनुसार, यह प्रतिबंध सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान विद्यासागर पुल और इसके सभी रैंपों से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। इसी कारण कोलकाता पुलिस ने यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग घोषित किए हैं। इस अवधि के दौरान, विद्यासागर पुल के स्टे केबल, होल्डिंग डाउन केबल और बियरिंग बदलने सहित कई महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य किए जाएंगे।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 20.01.2026; मंडल अभियंता/I/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा नं.-44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-176-25-26; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में पौधा रोपण के लिए क्षेत्र के विकास हेतु ट्रैक की समय-समय पर सफाई एवं रेलवे की जमीन से कूड़ा एवं कचरा हटाना तथा अन्य आनुषंगिक कार्य (एक वर्ष के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 47,08,513.70; **ईएमडी:** रु. 94,200; **कार्य समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 13.02.2026 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-363/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 251_2025-26, दिनांक 19.01.2026. सीनि. डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/2/हावड़ा) : कार्य का विवरण:** डानकुनी में प्लेटफॉर्म सतह, टीटीई विश्राम कक्ष इत्यादि का सुधार तथा प्लेटफॉर्मों के बीच सेंट्रल ड्रेन का निर्माण, अन्य आनुषंगिक कार्य। अनुमानित लागत: रु. 2,98,85,029.08; बयाना राशि: रु. 2,99,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-559/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter





## इंडिगो परिचालन व्यवधान के कारण 555 करोड़ का राजस्व नुकसान

**नयी दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को पिछले साल दिसंबर में परिचालन व्यवधानों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। एयरलाइंस ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों में शेयर बाजार को यह जानकारी दी। उसने बताया, दिसंबर के पहले सप्ताह में कंपनी ने अप्रत्याशित परिचालन चुनौतियों का सामना किया जिसके कारण 03 से 05 दिसंबर के बीच बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं। इन व्यवधानों के कारण इस अवधि में यात्रियों से प्राप्त राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गयी।

# व्यापार

## फिक्की के बजट पूर्व सर्वे में कंपनी जगत ने अर्थव्यवस्था पर मजबूत भरोसा जताया

**नयी दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** उद्योग मंडल फिक्की ने आगामी वित्त वर्ष के बजट से पहले गुरुवार को जारी एक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर भारत का कंपनी जगत आशावादी है और 2026-27 के वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7-8 प्रतिशत के बीच रह सकती है। इस सर्वे के आधार पर फिक्की ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बजट में प्रत्यक्ष कर अनुपालन में सरलीकरण, डिजिटलीकरण, कर निश्चितता , विवाद निपटान एवं मुकदमेबाजी प्रबंधन और कॉरपोरेट पुनर्गठन एवं निवेशकों की सुविधा के उपाय किये जा सकते हैं।

## हेक्सागन का एटीएस800 मेट्रोलॉजी सॉल्यूशन लॉन्च



**बेंगलुरु, 22 जनवरी (वि.प्र.)।** मीजरमेंट तकनीक में ग्लोबल लीडर कहलाने वाले हेक्सागन ने भारत के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और मशीन टूल प्रदर्शनियों में से एक, इम्टेक्स फॉर्मिंग 2026 में अपने एडवांस्ड मेट्रोलॉजी सॉल्यूशन, एटीएस800 को भारतीय बाज़ार में लॉन्च किया। हालांकि यह सॉल्यूशन पहले ही विश्व स्तर पर पेश किया जा चुका है। इम्टेक्स फॉर्मिंग 2026 भारतीय मैन्युफैक्चरिंग बाज़ार में इसकी आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है। लॉन्च और उद्घाटन समारोह में प्रमोद कौशिक (प्रेसिडेंट, हेक्सागॉन इंडिया), मनोज शर्मा (मार्केटिंग और सेल्स एक्सीलेंस के डायरेक्टर, हेक्सागॉन इंडिया) के साथ ही उद्योग जगत के अन्य लीडर्स और गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर प्रमोद कौशिक (प्रेसिडेंट, हेक्सागॉन इंडिया) ने कहा, भारत में एटीएस800 की शुरुआत देश के मैन्युफैक्चरिंग परिवर्तन का समर्थन करने के लिए हेक्सागॉन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड का पराग पारिख लार्ज कैप फंड




**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड का नया फंड ऑफर (एनएफओ), पराग पारिख लार्ज कैप फंड, 19 जनवरी 2026 को खुला और 30 जनवरी 2026 को बंद होगा; यह स्कीम 6 फरवरी 2026 को फिर से खुलेगी। यह स्कीम फंड हाउस की शुरुआत के बाद से सातवीं पेशकश है। इस स्कीम का मकसद कम लागत में बड़े लार्ज-कैप एक्सपोज़र देना है। इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह ट्रेडिंग और इम्पैक्ट कॉस्ट को मैनेज कर सके, साथ ही, एफिशिएंट इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल करके और एक स्मॉल एक्टिव शेयर बनाए रखकर, पोर्टफोलियो की पोजीशन को समय के साथ स्कीम के बेंचमार्क के करीब रखा जाएगा। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड के चेयरमैन और सीईओ नील पराग पारिख ने कहा, कई इन्वेस्टर ऐसे लार्ज-कैप इन्वेस्टमेंट चाहते हैं जो ट्रांसपेरेंट, कम लागत वाले और कंसिस्टेंट हों। यह फंड इसी डिमांड को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है।

## कॉन्स्टल और नोकिया के बीच साझेदारी

**नई दिल्ली, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** स्पेस वर्ल्ड ग्रुप की सहायक कंपनी कॉन्स्टल और नोकिया ने पूरे भारत में अत्याधुनिक डेंस वेवलेंथ डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की पैन-इंडिया तैनाती के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है जो वेबस्केल इकोसिस्टम के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और पूरे देश में भरोसेमंद, उच्च-प्रदर्शन वाली ऑप्टिकल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ा रहा है। इस विकास के साथ, कॉन्स्टल का फाइबर रोलआउट निर्बाध कनेक्टिविटी को पावर देने के लिए उच्च क्षमता वाला डिजिटल सेवा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा, जिसकी शुरुआत मुंबई भारत के प्रमुख डेटा सेंटर हब से होगी और आखिरकार, पूरे भारत में इसका विस्तार होगा। अंकित गोयल, अध्यक्ष और संस्थापक, स्पेस वर्ल्ड ग्रुप ने कहा कि कॉन्स्टल के राष्ट्रव्यापी फाइबर फुटप्रिंट को नोकिया की उन्नत फोटोनिक तकनीक के साथ मिलाकर, हम भारत में अगली पीढ़ी के डिजिटल नवाचार की नींव रख रहे हैं।

# इस बार भी बजट में डिफेंस सेक्टर पर जोर



**नई दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** केंद्रीय बजट रक्षा शेयरों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। इसकी वजह यह है कि डिफेंस सेक्टर में कैपिटल एक्सपेंडीचर में पिछले साल की तुलना में 10% से अधिक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। यह बढ़ोतरी रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की उस मुहिम को और आगे बढ़ाएगी, जिसके चलते पहले ही रेकॉर्ड ऑर्डर मिल चुके हैं और निर्यात भी बढ़ा है। इंटरनेशनल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज का मानना है कि इसका सबसे ज्यादा फायदा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को मिल सकता है। इसके बाद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और डेटा पैटर्न्स (इंडिया) का नंबर आता है। यह बात जेफरीज की भारत रक्षा मासिक रिपोर्ट से सामने आई है, जो 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले जारी की गई है। इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2027 को भारत के रक्षा क्षेत्र में फिर से मजबूती आने और इस रफ्तार के और तेज होने का समय बताया गया है। जेफरीज ने कहा, HAL हमारा टॉप पिक है, इसके बाद BEL और डेटा पैटर्न्स आते हैं। आने वाले बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए कैपेक्स पर बाजारों की खास नजर रहेगी। वित्तीय वर्ष 2026 के बजट अनुमान में डिफेंस कैपेक्स के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। इसमें से अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान ही 62% खर्च हो चुका था। यह पिछले चार साल के इसी अवधि में हुए खर्च की तुलना में काफी ज्यादा है, जो कि 41-54% के बीच था।

**रक्षा क्षेत्र के शेयरों में तेजी आना तय**

जेफरीज ने बताया कि रक्षा सचिव ने हाल ही में संकेत दिया है कि त्र27 के रक्षा बजट में 20% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत की रक्षा क्षेत्र की कहानी अब सिर्फ घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है। जेफरीज ने बताया कि इस साल अब तक रक्षा निर्यात वित्तीय वर्ष 2026 के 3.3 अरब डॉलर के लक्ष्य का 87% हासिल कर चुका है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। भारत का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2030 तक रक्षा निर्यात को 500 अरब रुपये तक पहुंचाना है, जो वित्तीय वर्ष 2025 के 236 अरब रुपये से दोगुना से भी ज्यादा है।

# शेयर बाजार में लौटी रौनक

**मुंबई, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड पर रुख नरम करने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई। सप्ताह के पहले तीन दिन भारी गिरावट देखने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 397.74 अंक (0.49 प्रतिशत) चढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। इसमें आज 909 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स ऊपर 82,783.18 अंक और नीचे 81,874.39 अंक तक गया। सुबह के समय यह 874 अंक चढ़ गया था तो वहीं दोपहर बाद लाल निशान में भी गया। श्री ट्रंप ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का फैसला वापस ले लिया है। साथ ही, कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। इससे शेयर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 25,289.90 अंक पर पहुंच गया।




**सेंसेक्स**
↑
**82,307.37**
**+397.74**

मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.76 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 2.34 प्रतिशत मजबूत हुआ। रसायन, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर सबसे ज्यादा पौने चार प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर ढाई फीसदी से अधिक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावरग्रिड, सनफार्मा, इंडिगो, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे।

## अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** अमेजन ग्रोसरी, अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के तहत गणतंत्र दिवस के लंबे वीकेंड के लिए खास तौर पर तैयार की गई शॉपिंग विकल्पों को एक साथ ला रहा है। इसमें ताज़ा फल-सब्जियों, रोजमर्रा की जरूरतों, बेबी केयर, पालतू जानवरों की चीज़ों और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर 70% तक की बचत का मौका मिलेगा। ग्राहक किराना, बेबी केयर, पेट एसेंशियल्स, वेलनेस और गॉर मे ग्रॉसरी से जुड़े भरोसेमंद ब्रांड्स की बड़ी रेंज में से खरीदारी कर सकते हैं, जिनमें हगीज, पैम्पर, फिलिप्स एवेंट, ड्रूल्स, वीबा, ट्रू एलिमेंट्स, हैपिलो और कई अन्य ब्रांड शामिल हैं। एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10% तक की तुरंत बचत मिलेगी, वहीं प्राईम सदस्यों को कूपन के ज़रिए अतिरिक्त 15% तक की छूट का लाभ भी मिलेगा। अमेजन ग्रोसरी त्योहारों से जुड़े खास व्यंजन और रोजमर्रा की जरूरतों को पेश कर रहा है।

## किआ सोनेट का 5 लाख बिक्री का आंकड़ा पार




**नई दिल्ली, 22 जनवरी (वि.प्र.)।** किआ इंडिया ने अपनी लोकप्रिय सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी किआ सोनेट की भारत में 5 लाख यूनिट बिक्री का महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि भारतीय ग्राहकों के बीच ब्रांड पर बढ़ते भरोसे और मजबूत स्वीकार्यता को दर्शाती है। इस अवसर पर किआ इंडिया के मुख्य बिक्री अधिकारी सुनहैक पार्क ने कहा कि सोनेट की यह उपलब्धि कंपनी के लिए गर्व का क्षण है और यह भारतीय ग्राहकों के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि किआ का फोकस हमेशा आकर्षक डिजाइन, उन्नत तकनीक और भरोसेमंद परफॉर्मेंस पर रहा है, जिसे ग्राहकों ने सराहा है। आधुनिक भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई।

## सेनको गोल्ड ने सरस्वती पूजा का उत्सव मनाया

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** भारत के विभिन्न हिस्सों में वसंत पंचमी या श्री पंचमी के नाम से भी जानी जाने वाली सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स नई शुरुआत से प्रेरित एक विशेष रूप से सजी-संवरी उत्सव कलेक्शन पेश करता है। ज्ञान, रचनात्मकता और विचारों की स्पष्टता को समर्पित यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है-एक ऐसा समय जब व्यक्ति और परिवार शिक्षा की शुरुआत, विवाह, नए घर और जीवन के महत्वपूर्ण नए अध्यायों के लिए आशीर्वाद की कामना करते हैं। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर एवं हेड मार्केटिंग और डिज़ाइन, जोइता सेन ने कहा,सरस्वती पूजा या वसंत पंचमी भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक चेतना में एक विशेष स्थान रखती है।

## टाटा प्ले बिंज ने पेश किया 'शॉर्ट्स'

**मुंबई, 22 जनवरी (वि.प्र.)।** टाटा प्ले बिंज ने अपने मंच पर 'शॉर्ट्स' नाम से एक नया कंटेंट शुरू किया है। यह मोबाइल पर देखने के लिए बने छोटे और सीधे (वर्टिकल) ड्रामा वीडियो हैं, जिन्हें कहीं भी, कभी भी तुरंत देखा जा सकता है। शॉर्ट्स सभी टाटा प्ले बिंज सब्सक्राइबर्स को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिलेगा। यह लघु नाटक का एक अलग खंड है, जिसमें अलग-अलग क्रिएटर्स और साझेदारों की कहानियाँ एक ही जगह मिलेंगी, जो खाली समय में देखने के लिए बनाई गई हैं। शॉर्ट्स में 1-2 मिनट के छोटे एपिसोड हैं, जो खास तौर पर मोबाइल पर देखने के लिए बनाए गए हैं। ये वीडियो सफर करते समय, लाइन में खड़े होकर या छोटे अवकाश के दौरान आसानी से देखे जा सकते हैं। शुरुआत में इसमें एक्शन, ड्रामा और थ्रिलर जैसी श्रेणियों में लगभग 160 से ज्यादा लघु नाटक हैं।

## महानगर में ट्रीडेन्स के नये कार्यालय का उद्घाटन

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** एआई और डेटा साइंस समाधानों में दुनिया की प्रमुख कंपनी ट्रीडेन्स ने आज कोलकाता में अपने नए कार्यालय के उद्घाटन की घोषणा की। यह उद्घाटन पश्चिम बंगाल के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री श्री बाबुल सुप्रियो की उपस्थिति में हुआ। वर्तमान में कोलकाता में 220 कुशल कर्मियों के साथ ट्रीडेन्स 2027 तक अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 1,000 से अधिक करने की योजना बना रहा है। ट्रीडेन्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ शुभ भौमिक ने कहा, कोलकाता भारत में एआई और एनालिटिक्स प्रतिभा के सबसे सशक्त केंद्रों में से एक के रूप में उभर रहा है, जिसकी नींव इसकी गहरी शैक्षणिक विरासत और गहन चिंतन व नए विचारों को महत्व देने वाली समृद्ध संस्कृति में है।

# खबरें पास-पड़ोस की

## राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में स्वामीजी की मूर्ति



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** प्रशासनिक प्रशिक्षण और आध्यात्मिक चेतना को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), कोलकाता क्षेत्रीय परिसर की पहल पर रूबी मोड़ के निकट आयकर भवन (पूर्व) परिसर में स्वामी विवेकानंद की पूर्णाकृति मूर्ति की स्थापना की गई। इसी अवसर पर परिसर में एक ध्यान कक्ष का भी उद्घाटन गुरुवार को किया गया। देश की प्राचीनतम प्रशिक्षण संस्थाओं में से एक, एनएडीटी का कोलकाता क्षेत्रीय परिसर पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम, उत्तर-पूर्वी राज्यों तथा ओडिशा क्षेत्र के आयकर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस परिसर में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति की स्थापना को एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब किसी एनएडीटी परिसर या आयकर विभाग की किसी संस्था में उनकी मूर्ति स्थापित की गई है। इस अवसर पर रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन (ग्लोबल) के उपाध्यक्ष परम पूजनीय स्वामी दिव्यानंदजी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ श्रीमती सुरभि वर्मा गर्ग (आईआरएस), प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीए), पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम; श्री बी. सत्यनारायण राजू (आईआरएस), अतिरिक्त महानिदेशक, एनएडीटी क्षेत्रीय परिसर कोलकाता सहित आयकर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## हज़ारद्वारी एक्सप्रेस का कासिमबाजार में अतिरिक्त स्टॉपेज

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** रेलवे ने 13113/13114 कोलकाता-लालगोला-कोलकाता हज़ारद्वारी एक्सप्रेस को कासिमबाजार स्टेशन पर एक्सपेरिमेंटल बेसिस पर अतिरिक्त स्टॉपेज देने का फैसला किया है। 13113 कोलकाता-लालगोला हज़ारद्वारी एक्सप्रेस (यात्रा 26.01.2026 से शुरू) कोसिमबाजार में 10:05 बजे पहुंचेगी और 10:06 बजे वहां से रवाना होगी। 13114 लालगोला-कोलकाता हज़ारद्वारी एक्सप्रेस (यात्रा 26.01.2026 से शुरू) कोसिमबाजार में 17:16 बजे पहुंचेगी और 17:17 बजे वहां से रवाना होगी।

## टाटा मोटर्स के अगली पीढ़ी के 17 ट्रक लांच




**नई दिल्ली, 22 जनवरी (वि.प्र.)।** भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता और मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा Trucks.ev रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों (एउए ठ29 03) के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, श्री गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा, भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है।

## क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक




**हाजीपुर, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** आज पटना में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में 6 माननीय सांसदगण, 01 माननीय विधायक एवं जेड.आर.यू.सी.सी. के अन्य 38 माननीय सदस्यों ने भाग लिया एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा जन-आकांक्षाओं से जुड़े मुद्दों के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये जिस पर महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा गंभीरता से विचार करने की बात कही गयी । आज की बैठक में माननीय सांसदगण श्री उपेन्द्र कुशवाहा, डॉ. भीम सिंह, श्री रामप्रीत मंडल, श्री अशोक कुमार यादव, श्री मनीष जायसवाल, माननीया सांसद श्रीमती शांभवी, माननीय विधायक श्री रामनिवास शाह सहित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के अन्य माननीय सदस्यगण ने पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में रेल अवसंरचना के विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी आदि के संबंध में अपना बहुमूल्य सुझाव दिए। माननीय सदस्यों ने रेलवे द्वारा की जा रही नई लाईनों के निर्माण, दोहरीकरण, स्टेशनों के पुनर्विकास जैसे आधारभूत संरचना के कार्यों में तेजी आने पर संतोष व्यक्त किया । साथ ही उन्होंने वंदे भारत, अमृत भारत के साथ ही नई ट्रेनों के परिचालन एवं विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के दिए गए ठहराव हेतु रेलवे का आभार व्यक्त किया। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने माननीय सांसदगण, माननीय विधायक एवं माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम उत्कृष्ट कार्य निष्पादन तथा कार्यक्षेत्र में दक्षता को बढ़ाकर इस क्षेत्रीय रेल को निरंतर आगे बढ़ाने की ओर सदा अग्रसर हैं और इस दिशा में यात्री सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सेवाओं से संबंधित मामलों पर परामर्श, यात्री सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को यात्रियों के प्रति और ज्यादा अनुकूल एवं लाभदायक बनाने के लिए जेड.आर.यु.सी.सी. के माननीय सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव काफी महत्वपूर्ण है।

## अपटिक करेगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** Growwcap Fintech इकोसिस्टम का हिस्सा UpTik, शनिवार, 24 जनवरी, 2026 को इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई में निवेश और वैश्विक मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह सम्मेलन वैश्विक निवेश संस्थानों, फैमिली ऑफिस, सलाहकार फर्मों और नीति-उन्मुख संगठनों के वरिष्ठ हितधारकों को एक साथ लाएगा, जो विकसित हो रहे वैश्विक निवेश परिदृश्य, सीमा पार पूंजी प्रवाह और जिम्मेदार और पारदर्शी निवेश को सक्षम करने में नियामक ढांचे की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन से पहले, विनोद वर्मा ऐनामपुडी, को-फाउंडर और CEO, UpTik ने कहा: जैसे-जैसे वैश्विक बाजार अधिक परस्पर जुड़े होते जा रहे हैं, निवेशकों को जटिल नियामक, आर्थिक और भू-राजनीतिक कारकों को समझने की आवश्यकता बढ़ रही है।

## लिटिल एंजिल्स प्ले स्कूल में खेल दिवस



**हाजीपुर, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** आज पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी,हाजीपुर स्थित Little Angel's Play School में खेल दिवस का आयोजन किया गया, स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया गया। सफल बच्चों को इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा द्वारा प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी उत्साह पूर्वक एवं आनंद के साथ भाग लिया गया। बच्चों को उपहार स्वरूप बिस्कुट, चिप्स, चॉकलेट एवं फ्रूटी भी दिया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना कुमार, सचिव श्रीमती मीनाक्षी कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह, स्कूल इंचार्ज श्रीमती प्रीति झा, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, श्रीमती नेहा सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थी। अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया जिसके फलस्वरूप वो अपने भविष्य को संवार सके।

## प्रधानमंत्री का आज केरल दौरा



**नई दिल्ली, 22 जनवरी (वि.प्र.)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी, 2026 को केरल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10:45 बजे तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। ये परियोजनाएं रेल संपर्क, शहरी आजीविका, विज्ञान और नवाचार, लोक-केंद्रित सेवाएं और उन्नत स्वास्थ्य सेवा सहित प्रमुख सेक्टरों को कवर करती हैं, जो समावेशी विकास, प्रौद्योगिकीय उन्नति और नागरिकों के जीवन की बेहतर गुणवत्ता पर प्रधानमंत्री के निरंतर फोकस को दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री रेल संपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार नई रेल सेवाओं को झंडी दिखाएंगे, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस और एक यात्री ट्रेन शामिल हैं।

## चकताजपुर गर्ल्स मदरसे में पैगंबर दिवस

**हुगली, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** हुगली के फुरफुरा शरीफ के हजरत बारो हुज़ूर पीर रह. द्वारा स्थापित चकताजपुर में प्रतिष्ठित वेस्ट बंगाल गर्ल्स सिद्दीकिया मदरसे में 60वां सालाना पैगंबर दिवस मनाया गया। हजरत दादा हुज़ूर पीर रह. के समय में, उनके उत्तराधिकारी पीर बारो हुज़ूर सौवगबान ने अपने पिता के पूरे साम्राज्य को सुचारू रूप से चलाने के अलावा, अपनी जिम्मेदारी पर कई शैक्षिक संस्थान भी स्थापित किए। मीटिंग में ऑल बंगाल माइनॉरिटी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अबू अफ़ज़ल जिन्ना, चकताजपुर हाजी इलाही बॉक्स मदरसा के हेडमास्टर अब्दुस समद, गर्ल्स मदरसा के सेक्रेटरी शेख शाहनवाज़ हुसैन, हेडमिस्ट्रेस सुकन्या दत्ता और दूसरे लोग शामिल हुए।




*पोस्ता युवक जनकल्याण समिति द्वारा पोस्ता मोड़ पर आयोजित दही, चूड़ा,एवं शीत वस्त्र वितरण में तृणमूल नेता, पू.विधायक दिनेश बजाज कंबल वितरित करते हुए। साथ में संस्था अध्यक्ष राजेश तिवारी, अभिषेक आसोपा, फुन्नु (समरेंद्र) राय,दिनेश मित्तल,प्रमोद राय,राजीव तिवारी।*

## अखिल भारतीय रेलवे जंबोरेट संपन्न



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** 21वां अखिल भारतीय रेलवे जंबोरेट 17 से 21 जनवरी 2026 तक पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा WSA ग्राउंड, लिलुआ में आयोजित किया गया। हर दो साल में होने वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश भर के रेलवे राज्य संघों के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और यूनिट लीडर्स एक साथ आए, जिन्होंने एकता, अनुशासन, रचनात्मकता और सेवा का जश्न मनाया जो स्काउटिंग गाइडिंग आंदोलन के मूल मूल्य हैं। पांच दिवसीय इस मेगा इवेंट का थीम था कल की ओर चरित्र का निर्माण, भारत को सशक्त बनाना। इसमें 15 जोनल रेलवे के 2,521 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कैंपसाइट एक जीवंत छोटे वैश्विक गांव में बदल गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार की बौद्धिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल, प्रतिभा और भाईचारे और बहनचारे की भावना का प्रदर्शन किया।


## सफल और श्रेष्ठ जिंदगी जीने की कला



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** आज के समय में मनुष्य स्वयं को एक अलग प्रकार का प्राणी समझता है क्योंकि आज हमारे पास ऐसी टेक्नोलॉजी और उपकरण हैं जो पहले नहीं थे। मनुष्य अब यह मानता है कि उसकी जिम्मेदारियाँ बदल गई हैं। हमारे पास मोबाइल फोन है, जिसे हम एक अद्भुत टेक्नोलॉजी मानते हैं। परंतु, क्या आपने कभी सोचा है कि यह टेक्नोलॉजी किसने बनाई है? उन कंपनियों ने, जिनका मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण नहीं बल्कि मुनाफा कमाना है। ये कंपनियाँ हमें सुविधाएँ देती हैं, लेकिन इसके बदले में हमसे पैसे लेती हैं। बिना सिम कार्ड के आपका फोन काम नहीं करेगा, और इसे बार-बार चार्ज भी करना पड़ेगा। आज हमारी स्थिति ऐसी हो गई है कि हम फोन की बैटरी के बारे में चिंतित रहते हैं। हम हमेशा यह देखते रहते हैं कि फोन कितना चार्ज है। प्रेम रावत कहते हैं कि जो लोग बहुत अधिक फोन का उपयोग करते हैं, वे अपने साथ एक बैटरी लेकर चलते हैं ताकि फोन की बैटरी खत्म होने पर उसे चार्ज कर सकें। जब हम फोन खरीदते हैं, तो सोचते हैं कि वह आपको चिंता से मुक्त कर दे। परन्तु उसको खरीदने के बाद अब आपको उसकी भी चिंता लगी रहती है। हम यह चिंता करते हैं कि क्या हम समय पर पहुँचेंगे, क्या हमारा फोन चार्ज रहेगा। और इस तरह हम सुबह से लेकर रात तक और फिर रात से सुबह तक चिंता में डूबे रहते हैं।



● नई दिल्ली में सुखी मुनक नहर के कायाकल्प कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।



● नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

# भारत लांच करेगा 52 जासूसी सैटेलाइट, आसमान से दुश्मन की हरकत पर पहरा!



**नई दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत की आर्म्ड फोर्सेज के एक्शन से पाकिस्तान की कमर ही टूट गई। उस ऑपरेशन में पाकिस्तान को तुर्की और चीन से भी हथियारों का सपोर्ट मिला था। हालांकि, भारत ने इन हथियारों को बुरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इस सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान इसकदर डर गया कि खुद से सीजफायर की गुहार लगाई। भारत ने इसे स्वीकार तो कर लिया साथ ही पाकिस्तान को कड़ा संदेश भी दे दिया कि अगर कोई नापाक कदम उठाया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारत ने जहां पड़ोसी मुल्क वार्निंग दी, वहीं डिफेंस सेक्टर को और मजबूत बनाने में जुट गया। खास तौर पर आसमान से दुश्मनों की हर हरकत पर निगरानी को और मजबूत करने की प्लानिंग है। इसके लिए भारत 2029 तक 52 एडवांस्ड सर्विलांस सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना तैयार की है। यह प्रोजेक्ट करीब 26,000 करोड़ रुपये का है और भारत का अब तक का सबसे बड़ा मिलिट्री स्पेस प्रोजेक्ट है। इसमें पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। ये प्रोजेक्ट 'स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फे-खखख' प्रोग्राम का हिस्सा है। इन सैटेलाइट्स में खास इंफ्रारेड सेंसर लगे होंगे, जिससे रात में भी साफ तस्वीरें ली जा सकेंगी। ये इंफ्रारेड सेंसर रात में, बादलों के बीच और खराब मौसम की स्थिति में भी देखने की सुविधा देंगे। यह मिक्स्ड सेंसर सूट भारत की अपनी जमीनी सीमाओं और तटरेखा पर चौबीसों घंटे इंटेलिजेंस इकट्ठा करने की क्षमता को बदल देगा, जिसमें सैटेलाइट सभी मौसम में, दिन-रात कवरेज देने में सक्षम होंगे। इस प्रोजेक्ट में इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा, वहीं बाकी 31 सैटेलाइट प्राइवेट कंपनियां बनाएंगी। यह पहली बार है जब किसी भारतीय मिलिट्री स्पेस प्रोग्राम में प्राइवेट सेक्टर का इतना बड़ा योगदान होगा। जब ये सैटेलाइट काम करना शुरू कर देंगे, तो डिफेंस स्पेस एजेंसी इनकी ऑपरेशनल कमांड संभालेगी। ये सैटेलाइट अलग-अलग ऑर्बिट्स में घूमेंगे, जैसे लो-अर्थ से जियोस्टेशनरी पोजीशन तक, जिससे महत्वपूर्ण इलाकों की पूरी कवरेज मिलेगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इस प्रोजेक्ट को और तेजी मिली। इस ऑपरेशन ने मिलिट्री में सैटेलाइट से मिलने वाली खुफिया जानकारी के महत्व को दर्शाया था। नई सैटेलाइट्स की वजह से किसी भी जगह की बार-बार विजिट करने का समय बहुत कम हो जाएगा। इससे सेना की हलचल, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और नौसैनिक गतिविधियों का पता लगाना आसान होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (-ख) की मदद से सैटेलाइट खुद ही खतरों को पहचान लेंगे और जरूरी तस्वीरों को प्राथमिकता देंगे। सैटेलाइट में ही डेटा प्रोसेसिंग होने से जमीन पर मौजूद स्टेशनों पर निर्भरता कम होगी और रियल-टाइम में खतरों का पता लगाया जा सकेगा।

## अमित शाह फिर आएंगे बंगाल



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर बंगाल दौरे पर आएंगे। उनका 30 जनवरी को कोलकाता पहुंचने का कार्यक्रम है। ऐसी खबरें हैं कि इस दौरे के दौरान कोई जनसभा या खुला राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा। भाजपा सूत्रों के अनुसार, यह पूरा दौरा संगठनात्मक होगा। इसका मुख्य उद्देश्य 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देना है। राज्य भाजपा नेतृत्व के अनुसार, यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि राज्य विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा इस साल फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत तक होने की संभावना है। इससे पहले, शाह संगठन की नींव को मजबूत करने, कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने और नेतृत्व के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए कई बैठकें कर सकते हैं। कोलकाता प्रवास के दौरान राज्य, जिला और मंडल स्तर के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें करने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## पीटर प्लेटर का रिपब्लिक सेल

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** कोलकाता की प्रसिद्ध क्राकरी विक्रेता पीटर प्लेटर ने रिपब्लिक डे पर 26 पर्सेंट तक का सेल की शुरुआत है जो 23 जनवरी से आरंभ होगा। जो सभी तरह के उत्पादों पर उपलब्ध है। पीटर प्लेटर के साल्टलेक और वुड स्ट्रिट दोनों ही आउटलेट पर इसका लाभ मिलेगा। पीटर प्लेटर इम्पोर्टेड क्राकरी के लिए जाना जाता है। और कोलकाता का सबसे विश्वसनीय आउटलेट है।



*हरिद्वार में पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर अस्पताल के लोकार्पण समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, योग गुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत एवं अन्य।*

## जीआरएसई ने एनजीवीआर लैब का उद्घाटन किया

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी जहाज निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) लिमिटेड ने कोलकाता में अपनी मेन वर्क्स यूनिट में नेक्स्ट जेनरेशन वर्चुअल रियलिटी (NGVR) लैब का उद्घाटन करके डिजिटल जहाज डिजाइन और निर्माण के क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाई है। यह अत्याधुनिक सुविधा देश में आत्मनिर्भर, प्रौद्योगिकी-संचालित युद्धपोत डिजाइन और उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नेक्स्ट जेनरेशन VR लैब का उद्घाटन वाइस एडमिरल संजय साधु, -VSM², NM², कंट्रोलर ऑफ वॉरशिप प्रोडक्शन एंड एक्विजिशन, भारतीय नौसेना ने किया।

## पूर्व मिदनापुर जिला किसान कांग्रेस का सम्मेलन



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** पूर्व मेदिनीपुर जिला किसान कांग्रेस की ओर से जिला किसान कांग्रेस का कन्वेंशन आयोजित किया गया। एमजीएनआरईजीएस बचाओ, 100 दिनों के काम का अधिकार, भारत सरकार द्वारा काम देने में विफल होने पर भत्ता पाने का अधिकार, महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सिद्धांत के अनुसार विकेंद्रीकृत व्यवस्था के माध्यम से पंचायतों के हाथों में काम का अधिकार बचाओ, इन मांगों को सामने रखते हुए दोपहर एक विशाल रैली के माध्यम से केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। बाजकुल रेलवे गेट परिसर में किसान कांग्रेस का जिला कन्वेंशन आयोजित हुआ। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर इस कन्वेंशन में विस्तार से चर्चा की गई और महत्वपूर्ण वक्तव्य दिए गए तपन_दास, अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल प्रदेश किसान कांग्रेस; अब्दुल_रहमान मोल्ला, पीसीसी के संपादक एवं पूर्व मेदिनीपुर जिला, कांग्रेस के पर्यवेक्षक; मिलन_प्रधान, संपादक, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस; कल्याणी हालदार, जनरल सेक्रेटरी, पश्चिम बंगाल प्रदेश किसान कांग्रेस; तथा शिउ माइती, कोऑर्डिनेटर, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया डिपार्टमेंट। इस सभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कल्याण राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शम्भु भुइंया, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सुब्रत महापात्र, तथा जिले के सभी स्तरों के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला कन्वेंशन में सभी जॉब कार्ड धारकों और सभी प्रकार के श्रमिक वर्ग के लोगों की उपस्थिति अत्यंत उल्लेखनीय रही।

## कॉलेज स्ट्रीट क्षेत्र में सभा-रैली पर रोक

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** कॉलेज स्ट्रीट क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सभा की अनुमति नहीं है। जुलूसों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासनिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। कॉलेज स्ट्रीट के आसपास के क्षेत्र में कई शिक्षण संस्थान होने के कारण, कोलकाता पुलिस ने शिक्षा के हित में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने 21 जनवरी को कॉलेज स्ट्रीट और उसके आसपास के इलाकों में सभाओं, जुलूसों, रैलियों, जमावड़ों और विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि कॉलेज स्ट्रीट क्षेत्र में कई शिक्षण संस्थान स्थित हैं। वहां माइक्रोफोन का इस्तेमाल, नारे लगाना और जमावड़े शिक्षण और अधिगम प्रक्रिया को बाधित कर रहे हैं। इस स्थिति में, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंध जारी किया गया है। यह प्रतिबंध 25 जनवरी, 2026 से 25 मार्च, 2026 तक (रविवार को छोड़कर) लागू रहेगा। इसमें कहा गया है कि पांच या अधिक लोगों के जमावड़े, जुलूस, बैठकें या किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन निषिद्ध रहेगा।

## बीएलओ ने अपनी माँ को थमायी नोटिस



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** राज्य भर में चल रहे एसआईआर का काम लगभग अंतिम चरण में है। एक बीएलओ ने अपनी 65 वर्षीय माँ को नोटिस थमाई और कहा कि आपको सुनवाई के लिए हाजिर होना होगा। बीएलओ के इस काम की वाहवाही हो रही है। प्रशासन के अनुसार, यह 'सर्वश्रेष्ठ' बीएलओ है। अतियार रहमान कटवा के हरिपुर गांव के निवासी हैं। वे कटवा के सुदपुर हाई स्कूल में गणित के शिक्षक हैं। बंगाल में चल रहे एसआईआर संबंधी कार्यों के लिए अतियार रहमान हरिपुर गांव के बूथ नंबर 10 के बीएलओ प्रभारी हैं। उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशासन द्वारा ब्लॉक के सर्वश्रेष्ठ बीडीओ का पुरस्कार मिला और क्या उन्हें तार्किक विसंगति के लिए सुनवाई का नोटिस मिला? न केवल उनके नाम से, बल्कि उनकी माता के नाम से भी उस बीडीओ को सुनवाई का नोटिस भेजा गया है। माता और बीडीओ पुत्र को 29 जनवरी को कटवा 1 बीडीओ कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। बीडीओ अतियार रहमान को समझ नहीं आ रहा है कि उनके अपने परिवार के दो सदस्य एसआईआर में कैसे पेश हुए। अतियार रहमान के मुताबिक मेरी और मेरी मां का नाम 2002 की मतदाता सूची में है। मैंने व्यक्तिगत रूप से अपने बूथ पर नोटिस प्राप्त करने वाले सभी लोगों की जानकारी सत्यापित करके अपलोड की है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मेरे नाम में यह तार्किक विसंगति कैसे उत्पन्न हो गई। यह आम जनता का उत्पीड़न है। उन्हें बंगाल में चल रहे एसआईआर कार्य के लिए बीएलओ की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अतियार रहमान हरिपुर गांव के बूथ नंबर 10 के बीएलओ प्रभारी हैं। इस बूथ में कुल 1273 मतदाता हैं। अब इनकी संख्या 1160 रह गई है। जानकारी के अनुसार, इस बूथ में 19 लोगों के नाम दर्ज नहीं पाए गए। इसके बाद, 282 लोगों को पहले चरण की सुनवाई के लिए बुलाया गया। उनकी सुनवाई के बाद, अतियार रहमान ने बीएलओ के रूप में उनकी जानकारी अपलोड करने का काम किया। इसके बाद, हाल ही में 25 लोगों के नाम नोटिस आए हैं। इनमें अतियार रहमान और उनकी 65 वर्षीय मां मुस्कुरा बीबी शेख भी शामिल हैं। पेशे से गणित के शिक्षक अतियार रहमान को यह नोटिस पाकर काफी हैरानी हुई।

## आंध्रप्रदेश में बंगाल के प्रवासी मजदूर की हत्या

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** एक के बाद एक बंगाली प्रवासी मजदूर दूसरे राज्यों में मारे जा रहे हैं। इस बार घटना आंध्र प्रदेश में घटी है। दक्षिण 24 परगना के निवासी एक प्रवासी मजदूर की बदमाशों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। परिवार ने अपहरण और हत्या का आरोप लगाया है। मृतक प्रवासी मजदूर की पहचान मंजूर आलम लस्कर के रूप में हुई है। वह दक्षिण 24 परगना जिले के उस्ती पुलिस स्टेशन के अंतर्गत रंगीलबाद ग्राम पंचायत के गरखाली गांव का निवासी था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मंजूर लगभग 10 वर्षों से आंध्र प्रदेश की एक लेस फैक्ट्री में काम कर रहा था। वह कुछ सप्ताह पहले घर लौटा था। उसने इसी सप्ताह आंध्र प्रदेश में फिर से काम शुरू किया था। मृतक प्रवासी मजदूर के परिवार ने आरोप लगाया कि मंगलवार रात को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके कहा कि वे मंजूर को अगवा कर ले गए हैं। उन्होंने उसे छोड़ने के लिए रुपये की मांग की। परिवार ने तुरंत 6,000 रुपये दे दिए। वे अभी तक बाकी रकम का इंतजाम नहीं कर पाए हैं। पूरी रकम मिलने से पहले ही उसे पीट-पीटकर मार डाला गया। प्रवासी मजदूर के परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि उपद्रवी भाजपा कार्यकर्ता थे। परिवार ने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंज़ूर को बंगाली बोलने के कारण निशाना बनाया। परिवार ने उनके अपहरण और हत्या के कारणों की गहन जांच और दोषियों को अधिकतम सजा देने की मांग की है।

## जेयू में सरस्वती पूजा पर हाईकोर्ट का निर्देश

**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सरस्वती पूजा के दौरान जादवपुर विश्वविद्यालय में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चेतावनी जारी की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का आदेश दिया है। आज मामले की सुनवाई के दौरान, अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुरक्षा सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

## शिक्षक ने छात्रा से की अश्लीलता, गिरफ्तार

**कोलकता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** एक स्कूल शिक्षक पर एक बच्ची के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। इस घटना से महेशतला में सनसनी फैल गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने पीओसीएसओ की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। स्कूल और पुलिस सूत्रों के अनुसार, चारों बच्चे बुधवार को हर दिन की तरह स्कूल गए थे। आरोप है कि बंगाली शिक्षक ने चौथी कक्षा की छात्रा को कहानी की किताब देने के बहाने कक्षा से बाहर बुलाया। वहां से वह उसे स्कूल की दूसरी मंजिल पर ले गया और उसके साथ यौन दुर्व्यवहार किया। इसके बाद जब छात्रा घर जाकर अपनी मां को इस मामले के बारे में बताया।

## चिंगड़ीघाटा मेट्रो परियोजना के लिए यातायात नियंत्रित करेगी पुलिस

**कोलकता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** एक साल से अधिक समय से ठप पड़ी चिंगड़ीघाटा मेट्रो परियोजना के लिए आखिरकार उम्मीद की एक किरण जगी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के कड़े रुख से कोलकाता पुलिस असमंजस में पड़ गई है। कवि सुभाष-कोलकाता हवाई अड्डा (जय हिंद) मेट्रो परियोजना के काम में तेजी लाने के लिए चिंगड़ीघाटा में एक नया वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। मेट्रो का काम न रुके, इसके लिए कैप्टन भेरी के पास उत्तर दिशा की ओर जाने वाले वाहनों के लिए एक नई सड़क खोली गई है - यानी साइंस सिटी से उल्टाडांगा की ओर जाने वाले वाहनों के लिए। कोलकाता पुलिस ने यातायात के लिए इस सड़क का उपयोग शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, कैप्टन भेरी से लगभग 450 मीटर की दूरी पर सड़क को मोड़ दिया गया है और चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर पार करने के बाद वाहनों को बाईं ओर से निकलने की अनुमति दी गई है। गौरतलब है कि मेट्रो कॉरिडोर के अंतर्गत निर्मित यह सड़क कई महीने पहले ही बनकर तैयार हो गई थी। चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर तक पहुंचने से पहले सड़क को दो भागों में विभाजित किया गया है ताकि यातायात को नियंत्रित किया जा सके। उल्टाडांगा ट्रैफिक गार्ड के सूत्रों के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत बसें और मालवाहक वाहन कैप्टन भेरी से प्रवेश करेंगे और चिंगड़ीघाटा की ओर निकलेंगे। हालांकि, बाइक, टैक्सी और छोटी कारें पहले की तरह ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास से ही चलती रहेंगी। चिंगड़ीघाटा मेट्रो के मात्र 366 मीटर के खंड पर काम लंबे समय से रुका हुआ था। रेल विकास निगम लिमिटेड और कोलकाता मेट्रो ने राज्य प्रशासन और कोलकाता पुलिस से लंबे समय से अनुरोध किया था।

### ... ताकि बंगाल के मनीषियों का सही नाम बोलें केंद्रीय नेता

## भाजपा नेताओं के लिए नियुक्त किए जाएंगे शिक्षक



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** बंगाली विद्वानों के नाम भूल जाने से असहज होकर, भाजपा केंद्रीय नेताओं को बंगाली संस्कृति सिखाने के लिए 'शिक्षकों' की नियुक्ति कर रही है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, अन्य राज्यों के नेताओं को माला पहनने के बाद मंच पर आकर हिंदी में भाषण देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें पहले अपना 'होमवर्क' पूरा करना होगा। प्रधानमंत्री स्वयं बंकिम चंद्र को 'बंकिमदा' कहते हैं। गजेंद्र शेखावत उन्हें 'बंकिमदास' कहते हैं। अमित शाह रवींद्रनाथ सान्याल कहते हुए फिर से 'रवींद्रनाथ टैगोर' बोल देते हैं। खेल मंत्री भी मोहन बागान-पूर्वी बंगाल कहते हुए मोहन बागान-पूर्वी बंगाल बोल देते हैं। भाजपा के केंद्रीय नेता जब बंगाल आते हैं और बंगाली विद्वानों के नाम लेते हैं तो उनकी बोलती बंद हो जाती है। कई लोग गलत नाम लेकर पार्टी की बदनामी बढ़ाते हैं। इससे पार्टी को फायदे से ज्यादा नुकसान होता है। इस बार भगवा खेमा इस समस्या को सुलझाने की पहल कर रहा है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि भाजपा अब केंद्रीय नेताओं को प्रशिक्षण देने के लिए 'शिक्षकों' की नियुक्ति करने की सोच रही है। जब भाजपा के केंद्रीय नेता राज्य में आएंगे, तो ये शिक्षक उन्हें उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा, खान-पान की आदतों और संस्कृति के बारे में जानकारी देंगे, उच्चारण या भाषा एवं संस्कृति सिखाने के लिए बाहर से किसी को नियुक्त नहीं किया जाएगा। यह जिम्मेदारी पार्टी के अपने बंगाली नेताओं को सौंपी जाएगी। वे बाहरी नेताओं को होमवर्क देकर उनके नाम याद करवाएंगे, ताकि उन्हें असहज महसूस न हो। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान, मोदी-शाह ने अन्य राज्यों के नेताओं को बंगाल में प्रचार के लिए भेजा था। हालांकि, उस चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बंगाल की जनता ने इतनी बड़ी संख्या में केंद्रीय नेताओं की उपस्थिति को स्वीकार नहीं किया। विभिन्न सभाओं और रैलियों में हिंदी में दिए गए उनके भाषण जनता पर कोई खास प्रभाव नहीं डाल सके, क्योंकि वे बंगाल की परंपरा और संस्कृति से जुड़े नहीं थे। हाल ही में, तमलुक से भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने बंगाल में 'गैर-बंगाली भाजपा नेतृत्व के प्रभुत्व' पर अपनी 'असंतोष' व्यक्त किया।

## भगवान से भक्ति मांगे, भोग विनाश का कारण : पं मालीराम शास्त्री



**हावड़ा, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** 'सांसारिक मोहमाया के बंधन में फंसे लोग सदा चिंतित रहते हैं जबकि चिंता से बुद्धि का नाश होता है। मनुष्य को चिंता की नहीं चिंतन की आवश्यकता है क्योंकि चिंतन से बुद्धि निर्मल और विकसित होती है और जिसकी बुद्धि निर्मल है वह स्वतः सांसारिक दुःखों से दूर हो जायेगा।' यह उद्गार सलकिया बांधाघाट स्थित बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में भागवत जन कल्याण ट्रस्ट की ओर से माघ मास के उपलक्ष्य में सरोज-दिलीप चौधरी (अनमोल ग्रुप) के मुख्य यजमानत्व और महेश कुमार शर्मा (नेचुरल ग्रुप) के संरक्षण में आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ के तीसरे दिन की कथा का प्रारम्भ करते हुए भागवत मर्मज्ञ पं. श्री मालीरामजी शास्त्री ने व्यक्त किये। भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए पं. शास्त्री ने कहा कि माता-पिता सदाचारी हों पर पुत्र दुराचारी हो तो जीवन बिगड़ जाता है लेकिन यदि पुत्र सदाचारी और माता-पिता दुराचारी हो तो भी जीवन सुधर जाता है। भगवान से भोग नहीं भक्ति मांगों। क्योंकि लख चैरासी के फंदे से छूटने का सबसे उत्तम साधन यही है। पं. शास्त्री ने कहा कि भोग तो विनाश का कारण है। आज कथा प्रारंभ से पूर्व, आज के दैनिक यजमान पुष्पा-सुभाष अग्रवाल (रेवांस ग्रुप) सहित 35एमएम के संचालक अशोक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, रोहित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने व्यास पीठ को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि कथा के चौथे दिन 23 जनवरी को दोपहर 2 से 6 बजे तक पं. श्री शास्त्री मुखारविंद से गजेन्द्र मोक्ष, वामन चरित्र, समुद्र मंथन, रामावतार व श्रीकृष्ण जन्म पर कथा प्रवचन करेंगे व भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव संगीता-संजय अग्रवाल (डीजी ग्रुप) के यजमानत्व व अनेक विशिष्टजनों की उपस्थिति में मनाया जायेगा।

## अविमुक्तेश्वरानंद जी के समर्थन में कांग्रेस की रैली



**कोलकता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभांकर सरकार के नेतृत्व मे ठनठनिया काली बाड़ी के सामने कॉलेज स्ट्रीट तक प्रतिवाद रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के समर्थन में पोस्टर लेकर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के विरोध में रास्ता अवरोध कर जमकर नारेबाजी कर नरेंद्र मोदी ओर आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शुभांकर सरकार ने कहा भाजपा सरकार में न गऊ हत्या बंद हो रही है, न ही शंकराचार्य की मर्यादा सुरक्षित है। अमिताभ चक्रवर्ती ने कहा देश के सबसे बड़े बीफ (गऊ मांस) एक्सपोर्ट में भाजपा से जुड़े लोग शामिल है। मोके पर प्रदेश नेता आशुतोष चटर्जी,तपन अग्रवाल, पुर्नो घोष उपस्थित थे।।इधर बड़ाबाजार जिला कांग्रेस के सभापति भोला यादव के नेतृत्व मे पदयात्रा निकालकर मुख्य रैली मे शामिल हुई।रविंद्र तिवारी,कालीनाथ सिंह,शमीम अख्तर,परवेज़ खान,शिवराज बाल्मिकी, विक्रम सिंह,मो:हुसैन,मुन्ना शुक्ला,दीपक सिंह,पंकज सोनकर,मो:सरफ़राज़,रजनी सिंह,सुनील चौबे,राजनारायण मिश्रा,प्रदीप साहू,अंजित सिंह,आकिब गुलज़ार,इन्तिकाब अख्तर,संजीव शर्मा,पिंकू तिवारी,अंजनी दुबे,ददन सिंह,राकेश सिंह भोला,राकेश शाव,लालचंद,फुरकान व अन्य सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## सत्यजित रे फ़िल्म एवं टेलीविजन इंस्टीट्यूट में राजभाषा हिंदी के प्रयोग संबंधी बैठक



**कोलकाता, 22 जनवरी (नि.प्र.)।** सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 22 जनवरी 2026 को संस्थान के कुल सचिव श्री दीपक कुमार के तत्वावधान में आयोजित की गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय जायसवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, विद्यासागर विश्वविद्यालय उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा संस्थान में राजभाषा हिंदी में काम-काज को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में हिंदी के प्रयोग की प्रगति एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कुलसचिव ने कहा कि संस्थान का हिंदी अनुभाग राजभाषा हिंदी में कार्य-व्यवहार की वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं अनुभाग प्रमुखों से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में अधिकाधिक हिंदी के प्रयोग का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय जायसवाल ने अपने संबोधन में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन पर बल देते हुए कहा कि हिंदी के माध्यम से कार्य करने से न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है, बल्कि यह सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ करता है।

# सर्दियों में नेपाल की 5 जगहें दिला देंगी स्विट्जरलैंड की याद

**ठंडी हवा, साफ आसमान और बर्फ से ढकी वादियां... सर्दियों का मौसम घूमने-फिरने के शौकीनों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होता। इन दिनों हर किसी की चाह होती है कि वह वादियों में कुछ सुकून के पल बिताएं। अगर आप भी ऐसी ही कुछ प्लानिंग कर रहे हैं, तो नेपाल सर्दियों में घूमने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में खूबसूरत व्यू, शांति माहौल और एडवेंचर का अनोखा मेल देखने को मिलता है। खास बात तो यह है कि सर्दियों में यहां भीड़ कम होती है और नजारे और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगते हैं। आइए जानते हैं नेपाल की उन 5 जगहों के बारे में, जो सर्दी में घूमने के लिए सबसे बेस्ट मानी जाती हैं।**



### पोखरा

अगर आप नेपाल घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं, तो पोखरा जरूर घूमकर आएं। इसे नेपाल का सबसे खूबसूरत शहर कहा जाता है। सर्दियों में यहां का मौसम ठंडा लेकिन सुहावना रहता है। यहां पर आप फेवा झील के किनारे बैठकर बर्फ से ढकी वादियों का आनंद ले सकते हैं।



### नगरकोट

अगर आप शांत जगह पर नेचर के बीच समय बिताना चाहते हैं, तो नगरकोट एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। काठमांडू से कुछ दूरी पर स्थित यह हिल स्टेशन अपने खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है। खास बात यह है कि सर्दियों में यहां से माउंट एवरेस्ट समेत हिमालय की कई ऊंची चोटियों को भी देख सकते हैं।



### काठमांडू

नेपाल की राजधानी काठमांडू सर्दियों में घूमने के लिए बेहद लोकेशन है। यह पर पशुपतिनाथ मंदिर, बौद्धनाथ और स्वयम्भूनाथ स्तूप जैसे धार्मिक स्थल भी हैं। सर्दियों में यहां त्योहारों और स्थानीय संस्कृति को करीब से देखने का मौका भी मिलता है, जो ट्रैवलिंग को और मजेदार बना देता है।





### पून हिल्स

अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं, तो नेपाल में पून हिल्स जाना न भूलें। यह लोकेशन आपको खूब पसंद आएगी। यहां से हिमालय की बर्फ से ढकी घाटियों का नजारा देखने का अपना ही एक अलग मजा है।



### चितवन नेशनल पार्क

नेचर और वाइल्डलाइफ के शौकीनों के लिए चितवन नेशनल पार्क सर्दियों में किसी जन्नत से कम नहीं। यह पार्क अपनी हरियाली, शांत नदियों और वन्यजीवों के लिए फेमस है। यहां एक सींग वाला गैंडा, रॉयल बंगाल टाइगर और कई पक्षियों को देखने का मौका मिलता है।



# दुनिया की सबसे बड़ी गुफा, जिसमें समा सकती हैं 40 मंजिला बिल्डिंग

**प्रकृति के पास इंसानों को चौंकाने के कई तरीके हैं और वियतनाम की 'सन डूंग गुफा' इसका सबसे बड़ा सबूत है। यह केवल पत्थरों से बनी एक सामान्य गुफा नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक जीवित और सांस लेती हुई अलग दुनिया है। 30 लाख साल पुरानी यह गुफा इतनी विशाल है कि इसके भीतर बादल तैरते हैं, नदियां बहती हैं और घने जंगल बसते हैं। इस आर्टिकल में, हम आपको इस अद्भुत प्राकृतिक अजूबे के बारे में विस्तार से कुछ रोचक जानकारियां देने जा रहे हैं।**

### अंदर समाया है अलग ही संसार

वियतनाम के 'फोंगन्हा-के बांग नेशनल पार्क' (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल) के घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच छिपी यह गुफा सदियों तक दुनिया की नजरों से ओझल थी। सन 1991 में एक स्थानीय किसान ने पहली बार इस विशाल गुफा को देखा था। साल 2009 में 'ब्रिटिश केव रिसर्च एसोसिएशन' की एक टीम ने इसका वैज्ञानिक सर्वे किया। तब जाकर दुनिया को पता चला कि यह पृथ्वी की सबसे बड़ी प्राकृतिक गुफा है।

### 40 मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई

सन डूंग का आकार इतना विशाल है कि हम अपनी सामान्य दुनिया की बड़ी-बड़ी संरचनाओं को इसके सामने छोटा महसूस कर सकते हैं। यह गुफा लगभग 9 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबी है और इसकी चौड़ाई करीब 150 मीटर है। कई स्थानों पर इसकी छत 200 मीटर तक ऊंची है। इसका मतलब यह है कि 40 मंजिला इमारत इसके अंदर आसानी से खड़ी हो सकती है। इसका आकार इतना बड़ा है कि इसके भीतर एक बोइंग 747 विमान भी आसानी से समा सकता है।

### धरती के भीतर एक अलग ही दुनिया

सन डूंग की सबसे खास बात इसका अनोखा पारिस्थितिकी तंत्र है। लाखों वर्षों में गुफा की छत कुछ जगहों पर ढह गई, जिससे सूरज की रोशनी अंदर पहुंचने लगी।

इस रोशनी के कारण गुफा के अंदर पेड़-पौधे और काई विकसित हो गए हैं, जिससे वहां एक घना जंगल बन गया है। इस हिस्से को 'गार्डन ऑफ एडम' कहा जाता है। सिर्फ इतना ही नहीं, गुफा के अंदर तेज बहाव वाली एक नदी भी मौजूद है, जिसने लाखों वर्षों में चट्टानों को काटकर इस विशाल संरचना को आकार दिया है। यहां गुफा के भीतर ही बादल भी बनते हैं, जो इसे पृथ्वी का सबसे रहस्यमयी स्थान बनाते हैं।

### समेटे है करोड़ों वर्षों का सफर

यह गुफा भूगर्भिक इतिहास को समझने के लिए वैज्ञानिकों के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। माना जाता है कि यह गुफा 20 से 30 लाख वर्ष पुरानी है। यहां दुनिया की सबसे ऊंची प्राकृतिक शैल संरचनाएं मौजूद हैं, जो प्रकृति की रचनात्मक शक्ति का प्रतीक हैं।

# शांति और सुकून देगा महाबलेश्वर-लोनावला का टूर

आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर महाबलेश्वर और लोनावाला हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। महाराष्ट्र के दो बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला और महाबलेश्वर हैं। यह दोनों हिल स्टेशन हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। गर्मी हो या मानसून आप किसी भी मौसम में लोनावला और महाबलेश्वर घूमने जा सकते हैं। यह दोनों ही हिल स्टेशन प्रकृति की गोद में समाए हैं। यहां पहुंचकर आप सुकून महसूस कर सकते हैं। यह दोनों ही जगहें बजट फ्रेंडली ट्रिप के लिए बेहतरीन है।

### ट्रिप प्लान

अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो बता दें कि दोनों जगहों की सैर के लिए चार से पांच दिन की ट्रिप काफी है।

### ऐसे पहुंचें

इन हिल स्टेशनों तक जाने के लिए आप मुंबई या पुणे से यात्रा शुरूकर सकते हैं। मुंबई या पुणे से लोनावला सिर्फ 2 घंटे की दूरी पर है। बस, ट्रेन और कार आप तीनों से ही यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप पुणे से महाबलेश्वर की यात्रा कर रहे हैं, तो आप बस या फिर प्राइवेट टैक्सी के करिए 120 किमी का सफर तय कर सकते हैं। वहीं मुंबई से महाबलेश्वर की दूरी करीब 260 किमी है।

### लोनावला में घूमने की जगहें

मानसून में लोनावला की गए हैं तो आपको भूशी डैम जरूर जाना चाहिए। वहीं बेहतरीन सनसेट व्यू पॉइंट देखने के लिए टाइगर पॉइंट जा सकते हैं। अगर आप भी ट्रैकिंग लवर्स हैं, तो राजमाची फोर्ट बेहतरीन जगह है। वहीं आप लोनावला की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाएं कार्ला और भाजा केव्स स्थित है। इसके साथ ही आप पावना झील और लोहेगढ़ किला देखने जा सकते हैं।

### महाबलेश्वर पर्यटन स्थल

महाबलेश्वर की शानदार वादियों का नजारा देखने के लिए आप अरथर सीट पॉइंट को एक्सप्लोर करें। नौकाविहार और खूबसूरत फोटोशूट के लिए वीना लेक जाएं।



# जैसलमेर में लें दुबई जैसा मजा

सर्दियों में दुबई जैसी डेजर्ट सफारी का अनुभव लेने के लिए राजस्थान के गोल्डन सिटी जैसलमेर की यात्रा करें। यहां आप सोनार किला और सम सैंड ड्यून्स जैसी जगहों पर एडवेंचर एक्टिविटीज के साथ राजस्थानी संस्कृति का भी आनंद ले सकते हैं। इस समय भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दियों के सीजन में लोग ऐसी जगहें घूमने का प्लान करते हैं, जहां गुनगुनी धूप के साथ एडवेंचर एक्टीविटी का भी मजा मिले। इसके लिए आप राजस्थान के गोल्डन सिटी में घूमने का प्लान बनाएं। जैसलमेर सर्दियों में घूमने क लिए सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। यहां पर आपको दुबई वाली फीलिंग मिलने वाली है क्योंकि डेजर्ट सफारी का भी मजा एक अलग ही होता है। इसके साथ ही रेत के मैदान में मिलने वाले शानदार नजारे भी नजर आएंगे। रात को आप साफ-सुथरे आसमान के बीच टिमटिमाते तारों के अलावा दूरबीन की मदद से आसमान को भी निहारने का मौका पा सकते हैं। दिल्ली से जैसलमेर की ट्रिप का प्लान करना भी काफी आसान होता है। यहां पर घूमने-फिरने के साथ खाने के भी ऑप्शन मिलेंगे और आप दो रात तीन दिन में जैसलमेर के खूबसूरत नजारों को लेकर वापस भी लौट सकते हैं। यदि आप भी घूमने का प्लान बना रही हैं, तो जैसलमेर बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकती है।

### यूनेस्को में शामिल सोनार किला

जैसलमेर का सोनार किला दूर से ही दिखाई देता है। गोल्डन रंग के इस किले में अंदर पतली कलरफुल गलियां, हवेलियां, तोपें, मंदिर और म्यूजियम भी है। ये किला अंदर से किसी छोटे शहर जैसा है जिसमें अभी भी लोग रहते हैं।

### सम सैनड्यून्स

अगर आप भी रेगिस्तान को ओरिजनली देखना चाहते हैं तो यहां पर जरुर जाएं। लेकिन ये जगह जैसलमेर से 40 किमी दूर है। यहां पर जाने के लिए आपको प्राइवेटस लोकल कैब या टैक्सी करना सही होगा। यदि आप अकेले हैं तो बाइक भी ले सकते हैं। इधर आपको रेत का मैदान और छोटी झाड़ियां दिखाई देती हैं जो किसी सपने की तरह लगती हैं। सम सैनड्यून्स में आपको कई तरह की एक्टीविटीज करने को मिल जाएंगी।

- दुबई वाली फीलिंग देने वाली जीप सफारी
- कैमल सफारी
- लोकगीत और राजस्थानी डांस तो बिल्कुल ना मिस करें।
- इसके अलावा, यहां पर डिनर, ब्रेकफास्ट के साथ ही कैंपिंग की भी सुविधा मिलती है। जिसे आप लोकर ही जाकर बुक कर सकते हैं।

### पटवा की हवेली

दो-तीन दिन में घूमने के लिए जैसलमेर में पटवा की हवेली भी शामिल है। यहां पर विदेशी टूरिस्ट सबसे ज्यादा है।





## ओटीटी पर प्रियंका का दमदार अवतार

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस की आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' का प्रीमियर 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। प्राइम वीडियो ने आज यह जानकारी दी। अमेजन कंपनी द्वारा संचालित प्राइम वीडियो एक स्ट्रीमिंग सेवा प्रदान करने वाला मंच है, जिस पर इंटरनेट के माध्यम से फिल्में, टीवी शो, वेब सीरीज, वृत्तचित्र और लाइव स्पोर्ट्स देख सकते हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म निर्माता फ्रैंक ई. फ्लॉवर्स द्वारा निर्देशित इस फिल्म में 'द बॉयज' फेम कार्ल अर्बन भी मुख्य भूमिका में हैं। केमैन आइलैंड्स की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक पूर्व समुद्री डाकू की कहानी है, जिसका शांत जीवन उसके हिंसक अतीत के वापस आने से तहस-नहस हो जाता है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन की भूमिका निभाई है, जो एक कुशल पूर्व समुद्री डाकू है। उसे यह विश्वास है कि वह अपने परिवार के साथ शांति से रहने के लिए खून-खराबे वाली जिंदगी पीछे छोड़ चुकी है।



## मेरे खिलाफ बड़ी साजिश

सुनीता आहूजा ने पति गोविंदा के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के बारे में कई बार बात की। हाल ही एक पॉडकास्ट में उस लड़की के नाम का भी खुलासा किया, जिसके साथ गोविंदा का कथित अफेयर है। अब गोविंदा ने चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि उनके खिलाफ बड़ी साजिश हो रही है, जिसमें परिवार का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। सुनीता आहूजा ने हाल ही एक पॉडकास्ट में पति गोविंदा की बेवफाई पर बात की और लड़की के नाम का भी खुलासा किया, जिसके साथ गोविंदा के कथित अफेयर के चर्चे हैं। सुनीता ने कहा था कि अगर गोविंदा नहीं सुधरे और अफेयर की बात कन्फर्म निकली, तो वह उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। अब गोविंदा ने सुनीता संग अपने रिश्ते और अफेयर की बातों पर चुप्पी तोड़ी है। गोविंदा ने दावा किया है कि उनके खिलाफ एक बड़ी साजिश की जा रही है, जिसमें उनके परिवार को इस्तेमाल किया जा रहा है। गोविंदा ने कहा है कि उनकी चुप्पी को उनकी कमजोरी समझा जा रहा था, और इसलिए वह अब बोलने को मजबूर हुए हैं।



# इंडस्ट्री में आज भी हीरो को पूजा जाता है

दिल्ली की कुड़ी राशि खन्ना ने हिंदी फिल्म 'मद्रास कैफे' से एक्टिंग का ककहरा सीखा, फिर जल्द ही तमिल-तेलुगू सिनेमा को भी साध लिया। पैन इंडिया कलाकार बन चुकीं राशि आने वाले दिनों में पवन कल्याण के साथ तेलुगू फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आएंगी। यही नहीं, वह तमिल फिल्म 'राउडी एंड कंपनी' और हिंदी फिल्म 'तलाखों में एक' और 'ब्रिज' में भी दिखेंगी। OTT पर भी अजय देवगन के साथ 'रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस' और शाहिद कपूर की 'फर्जी' में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। बीते साल 2025 में तीन अलग-अलग भाषाओं में वह तीन फिल्मों - 120 बहादुर (हिंदी), तेलुसु कड़ा (तेलुगू) और अगाथिया (तमिल) में अलग-अलग किरदार में पसंद की गईं। करियर के इस पड़ाव पर राशि बहुत उत्साहित हैं।

**आप दिल्ली में पली-बढ़ी, मुंबई में करियर शुरू किया, अब हैदराबाद में सेटल हैं, तो इन अलग-अलग शहरों ने आपको कैसे गढ़ा?**

सच कहूं कि कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं कौन हूं, क्योंकि मैं इतने किरदार निभाती हूं और वो किरदार करते हुए मैं वही बन जाती हूं। फिर वो तमिल हो, तेलुगू हो या हाल ही में मैंने पंजाबी, राजस्थानी, बंगाली किरदार किए तो मेरे मैनेजर बोलते हैं कि आप पैन इंडिया हैं (हंसती हैं)। मैं हैदराबाद में रहती हूं, तो यह शहर अब घर बन चुका है। दिल्ली और मुंबई मैं आती-जाती रहती हूं। मैं फूडी हूं और दिल्ली के खाने का कोई मुकाबला नहीं है। अच्छी बात ये है कि मेरी मम्मी साथ में रहती हैं तो वो दिल्ली वाले छोले भटूरे या कुल्चे छोले घर पर बना देती हैं।

**आपने बॉलीवुड फिल्म 'मद्रास कैफे' से करियर शुरू किया था। फिर साउथ की ओर कैसे मुड़ीं? हिंदी में ही आगे बढ़ने का ख्याल नहीं आया?**

असल में, मैं फिल्में देखकर बड़ी नहीं हुई हूं। मेरी सिनेमा में कोई रुचि भी नहीं थी तो जब मैंने 'मद्रास कैफे' की तो ये नहीं सोचा था कि अरे, मैं स्टार बनूंगी या मुझे स्टार बनना है। मुझे बस उस सेट पर काम करना अच्छा लगा तो धीरे-धीरे मैं और काम करती गई। मैंने तो यह भी सोचा था कि 'मद्रास कैफे' के बाद अगर ढंग की फिल्म नहीं मिली तो मैं कुछ और कर लूंगी। लेकिन तभी मुझे मेरी पहली तेलुगू फिल्म मिली, जो बहुत सारे लोगों को अच्छी लगी। फिर मुझे काम मिलता गया और मैं करती गई।

**आप बिना किसी फिल्मी कनेक्शन के यहां तक पहुंची हैं। एक आउटसाइडर होने का क्या खामियाजा महसूस हुआ?**

यह जरूरी नहीं है कि अगर आप इंडस्ट्री से हैं तो आपको काम मिलता ही रहेगा। हो सकता है कि थोड़े समय तक मिले, पर आगे बढ़ने के लिए आपमें टैलंट होना भी जरूरी है। ये सही है कि हम जैसे बाहर से आए एक्टर्स को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, पर मैं मेहनत से कभी नहीं डरी। मुझे पता था कि ये परिस्थितियां हैं, इनका मैं कुछ नहीं कर सकती। मेरे हाथ में सिर्फ मेरी मेहनत है। चाहे कोई फिल्म मुझे मिली या ना मिली, उसकी अलग-अलग वजहें होंगी, लेकिन मैंने खुद को कभी बेचारी या विक्टिम की तरह नहीं देखा। मैंने सिर्फ मेहनत की।

**आप खाने की शौकीन हैं, क्या एक्ट्रेस बनने के बाद डायट के चलते किसी पसंदीदा पकवान की कुर्बानी देनी पड़ी है?**

बहुत चीजों की, मतलब मेरे दोस्त सामने खा रहे होंगे और मैं कहूंगी नहीं-नहीं। लेकिन मैं हमेशा से बहुत डिसिप्लिन रही हूं तो मैं बैलेंस कर लेती हूं। जैसे अगर मैं तीन महीने शूट कर रही हूं और मैं कुछ नहीं खा रही हूं तो उसके बाद एक ट्रिप लूंगी और सब खाकर आऊंगी। मैं खुद को भूखा नहीं रखती। मैं क्रैश डायट पर बिल्कुल यकीन नहीं करती, क्योंकि यह केवल आपका सिस्टम खराब करती है। आप सिर्फ आप हेल्दी खाओ तो सब मेंटेन रहेगा। हालांकि, मीठा मुझे बहुत पसंद था। मैं पहले बहुत मीठा खाती थी जो अब लगभग बंद ही कर दिया है। इसी तरह, मुझे समोसे बहुत पसंद हैं, वो भी बहुत कम कर दिया है।



## बहुत हुई राजनीति, अब गुंडई होगी

ओटीटी पर देसी अंदाज वाली ठसक भरी कहानी के शौकीन दर्शकों को बीते साल 'बिंदिया के बाहुबली' सीरीज ने खूब लुभाया था। अब इसका सीजन 2 रिलीज हो रहा है। मेकर्स ने 'बिंदिया के बाहुबली 2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। जानिए कब और कहां रिलीज होगी। रणवीर शौरी, सौरभ शुक्ला, दिव्येंदु भट्टाचार्य, शीबा चड्ढा, सीमा बिस्वास, सुशांत सिंह और विनीत कुमार जैसे दिगगजों से सजी वेब सीरीज 'बिंदिया के बाहुबली' के सीजन 2 का ट्रेलर आ गया है। करीब डेढ़ मिनट के इस वीडियो में कहानी अब राजनीति से परे गुंडई पर उतर आई है। हर किसी की नजर बिंदिया गांव की सत्ता पर है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इस लड़ाई में सबकुछ बिखरने वाला है। परिवार टूटने वाले हैं। महत्वाकांक्षा अपनी पराकाष्ठा पर है और भरोसा उठता जा रहा है। साल 2025 में रिलीज 'बिंदिया के बाहुबली' को फैंस ने खूब सराहा था। ऐसे में मेकर्स अब कहानी का अगला हिस्सा लेकर हाजिर हो रहे हैं। 'बिंदिया के बाहुबली सीजन 2' में बड़ा दावन और छोटा दावन आमने-सामने हैं। चुनाव का माहौल है और सत्ता पाने के लिए बाहुबलियों की यह लड़ाई अब राजनीति से आगे गुंडई में बदल गई है।



## अक्षय सर हमेशा से मेरी इंस्पिरेशन रहे हैं

शो 'जाने अनजाने हम मिले' अब एक हाई ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस के साथ दर्शकों की धड़कनें बढ़ाने वाला है। शो में 'राघव' के किरदार में भरत अहलावत और 'रीत' के रोल में आयुषी खुराना नजर आ रहे हैं। आने वाले एपिसोड्स में एक इंटेंस बाइक स्टंट सीक्वेंस दिखाया जाएगा, जो स्टोरीलाइन के बड़े हाइलाइट्स में से एक होने वाला है। इस ड्रामेटिक ट्रैक में राघव का एक भयानक एक्सीडेंट होगा, जिसके बाद वो अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझता नजर आएगा। शूटिंग से जुड़ी बातें शेयर करते हुए भरत ने बताया कि इस सीक्वेंस के लिए उन्होंने अपनी खुद की बाइक इस्तेमाल की, जिससे वो पूरी तरह कंट्रोल में रह सके, क्योंकि वो अपनी बाइक की हर डिटेल से अच्छी तरह वाकिफ हैं। शो को लेकर भरत बताते हैं, "ये बाइक स्टंट सीक्वेंस मेरे लिए एक शानदार एक्सपीरियंस रहा। अपने तरीके और अपने स्टाइल में ऐसे एक्शन सीक्वेंस करना वाकई बहुत यादगार था।

## सालों बाद भी नहीं भर पाया जखम



दिग्गज अभिनेता शेखर सुमन ने अपने दिवंगत बेटे आयुष सुमन को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखा और कहा कि उसके बिना जीवन अब भी अधूरा लगता है। आयुष सुमन का जन्म 1984 में हुआ था और 1995 में हृदय रोग के कारण आयुष की मृत्यु हो गई थी। उस समय आयुष की उम्र 11 वर्ष थी। शेखर सुमन ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत बेटे की एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा, "प्यारे आयुष को याद कर रहा हूं। हर पल तुम्हारी याद आती है। तुम्हारे बिना जिंदगी अधूरी है। थोड़े से समय में ही तुमने हम सबको बहुत सारी खुशियां दीं।" शेखर ने कहा कि परिवार अब भी अपने बच्चे को खोने के सदमे से उबर नहीं पाया है। अभिनेता अध्ययन सुमन उनके छोटे पुत्र हैं।

## 'पिंजर की पुरो' के लिए जूही बब्बर थीं पहली पसंद

अभिनेत्री जूही बब्बर का कहना है कि उन्हें अमृता प्रीतम के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित 2003 की फिल्म "पिंजर" में मुख्य भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन अंत में उन्हें बदल दिया गया क्योंकि निर्माता एक "बड़ी" अभिनेत्री को कास्ट करने के इच्छुक थे। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के विभाजन के दौरान हिंदुओं और मुसलमानों द्वारा झेले गए संघर्षों पर आधारित है। इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर ने पुरो की मुख्य भूमिका निभाई है और उनके साथ मनोज बाजपेयी व संजय सूरी भी हैं। जूही ने पीटीआई भाषा को बताया कि एक फिल्म थी जिसका नाम 'पिंजर' था, उसमें उर्मिला मातोंडकर ने जो भूमिका निभाई है वह मुझे निभानी थी।

मैं इसके लिए डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी को दोष नहीं दूंगी। वह मेरे काम की सराहना करते हैं। उस समय उनका करियर शुरू ही हुआ था और उन्होंने कहा था, 'जब भी मैं पिंजर बनाऊंगा, तुम उसमें अभिनय करोगी', लेकिन फिर एक बड़े निर्माता इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए और उन्हें एक बड़े कलाकार की जरूरत थी। इसके बाद निर्देशक ने उन्हें लाजो का किरदार निभाने का प्रस्ताव दिया लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। अंततः यह भूमिका "तुम बिन" फिल्म की मशहूर अभिनेत्री संदली सिन्हा ने निभाई। जूही ने बताया कि मैंने डॉक्टर साहब से कहा था कि मैं यह नहीं कर पाऊंगी क्योंकि मेरा दिल पुरो (मुख्य भूमिका) में लगा हुआ था और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे पाऊंगी। मैं एक साल से पुरो के किरदार के बारे में सोच रही थी, उपन्यास भी पढ़ चुकी थी, लेकिन फिर भी ऐसा नहीं हुआ। तो, जो होना होता है, वही होता है। उस समय मैं बहुत छोटी थी। शुक्र है, मैंने कुछ सही फैसले लिए।

अभिनेत्री ने कहा कि उनके और द्विवेदी के बीच अभी भी सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और निर्देशक ने "द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली" में उनके काम की प्रशंसा की। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें 2002 में आई फिल्म "शरारत" में अभिषेक बच्चन के साथ काम करने का भी मौका मिला था, लेकिन एक बार फिर उनकी जगह एक अन्य लोकप्रिय अभिनेत्री (हृषिता भट्ट) को ले लिया गया।



R.N.I. NO. 2508/57 Regd. No. KOL RMS/291/2019-2021

लाल किला आतंकी हमला

# दोषी अशफाक को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** 2000 के बहुचर्चित लाल किला आतंकी हमले में दोषी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक से जुड़े मामले में एक बार फिर कानूनी हलचल तेज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उसकी क्यूरेटिव याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। हालांकि इससे पहले उसकी पुनर्विचार याचिका और क्यूरेटिव याचिका दोनों ही खारिज हो चुकी थीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य हालिया फैसले के चलते अशफाक को एक बार फिर सुनवाई का मौका मिला है। अशफाक लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी और पाकिस्तानी नागरिक है। साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उसे लाल किला हमले के मामले में फांसी की सजा सुनाई थी। इसके बाद उसने सजा के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, उसने राष्ट्रपति के पास दया याचिका भी लगाई थी, लेकिन वहां से भी उसे कोई राहत नहीं मिली थी।

22 दिसंबर 2000 को लश्कर-ए-तैयबा के छह आतंकियों ने दिल्ली के लाल किले में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस हमले में कुल तीन लोगों की मौत हुई थी। इनमें एक संतरी और राजपूताना राइफल्स के दो जवान शामिल थे। राइफलमैन उमा शंकर मौके पर ही शहीद हो गए थे, जबकि नायक अशोक कुमार ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इसके अलावा इस हमले में अब्दुल्ला ठाकुर नाम के एक नागरिक की भी जान चली गई थी। 26 दिसंबर 2000 को दिल्ली पुलिस ने अशफाक और उसकी पत्नी रहमाना यूसुफ को जामिया नगर इलाके से गिरफ्तार किया था। साल 2001 में इस मामले में चार्जशीट दाखिल की गई, जिसमें अशफाक समेत कुल 21 लोगों को आरोपी बनाया गया। बाद में आठ आरोपियों को भगोड़ा घोषित कर दिया गया, जबकि तीन आरोपी एनकाउंटर में मारे जा चुके थे। इसके बाद अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चला।

### अशफाक को मिली थी फांसी की सजा

लंबी सुनवाई के बाद साल 2005 में ट्रायल कोर्ट ने अशफाक समेत सात आरोपियों को दोषी ठहराया। अशफाक को फांसी की सजा सुनाई गई, जबकि उसकी पत्नी रहमाना को सात साल की कैद दी गई। वहीं नाजिर अहमद कासिद और फारूक अहमद कासिद को उम्रकैद की सजा मिली। अन्य तीन दोषियों बाबर मोहसिन, सदाकत अली और मतलूब आलम को सात साल की जेल की सजा सुनाई गई।

## जब भावुक हो गईं रानी मुखर्जी



**नई दिल्ली, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रानी मुखर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मर्दानी 3' और करियर में 30 साल पूरे होने को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म इंडस्ट्री में अपने 30 साल पूरे होने पर रानी मुखर्जी ने अपने पुराने दोस्त फिल्ममेकर करण जौहर के साथ अपने सफर पर बातचीत की। लेकिन इसी दौरान एक पल ऐसा आया, जब रानी मुखर्जी स्टेज पर ही भावुक हो गईं और उनकी आंखें भर आईं। इसके बाद स्टेज पर मौजूद करण जौहर ने रानी को संभाला और गले लगाकर उन्हें चुप कराया। जानिए आखिर क्यों स्टेज पर ही भावुक हो गईं रानी? बातचीत के दौरान रानी मुखर्जी ने उस समय के बारे में बताया जब आमिर खान ने फिल्म गुलाम की शूटिंग के दौरान उनसे कहा था कि उनकी आवाज फिल्म के लिए सही नहीं है और कोई और इसे डब करेगा। रानी ने कहा कि यह फैसला मेरे लिए वाकई दुखद था। मैं अपनी नाराजगी नहीं दिखा सकी क्योंकि फिल्म का हिस्सा होने पर आपको एक टीम प्लेयर की तरह व्यवहार करना पड़ता है। भले ही व्यक्तिगत निराशाएं हों, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

## प्रिंसिपल ने क्लासरूम में दबवाए पैर

**महोबा, 22 जनवरी (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के महोबा में एक सरकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य को क्लासरूम के अंदर सेवा कराना मंहगा पड़ गया। पैर दबवाने का वीडियो वायरल होने पर बीएसए ने सख्त एक्शन लेते हुए प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। शिक्षा के मंदिर में क्लासरूम के अंदर ग्रामीण से पैर दबवाने और छात्राओं के द्वारा सब्जी काटने को लेकर गांव के लोग विरोध कर रहे थे। दरअसल, चरखारी ब्लॉक के गांव छानीखुर्द स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के दो वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। जो क्षेत्र भर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। पहले वीडियो में प्रभारी प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद क्लास रूम में छात्र छात्राओं के सामने ही कुर्सी पर बैठ कर जमीन पर बैठे व्यक्ति से पैर दबवाते हुए दिख रहे हैं। वहीं दूसरे वीडियो में विद्यालय के अंदर ही मिड डे मील के लिए छात्राएं स्वयं सब्जी काटते हुए दिख रहीं हैं। जबकि पास में ही एक व्यक्ति बनियान व गमछा पहने टहलते हुए दिख रहा है।

## हँसी के हँसगुल्ले

*बुढ़िया का दामाद बहुत काला था।*

*सास: दामाद जी आप तो 1 महीना यहाँ रुको।*

*दूध, दही खाओ मौज करो, आराम से रहो यहाँ।*

*दामाद: अरे वाह सासु माँ आज तो बड़ा प्यार आ रहा है मुझ पे,*

*सास: अरे प्यार व्यार कुछ नहीं कलमुहे।*

*वो हमारी भैंस का बच्चा मर गया है।*

*कम से कम तुम्हे देख कर दूध तो देती रहेगी।*

## ओटीटी पर इस सप्ताह



छुट्टी के इस सप्ताह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन की पूरी सौगात है। फिल्मों और वेब सीरीज़ की लंबी सूची में डर, रहस्य, रोमांस, एक्शन और ड्रामा, सब कुछ शामिल है। भय और रहस्य से भरपूर भादुड़ी महाशाय की कहानी एक बार फिर लौट रही है। इस सप्ताह होइचोई पर 'निकष छाया 2' रिलीज़ हो रही है, जहां तंत्र की लड़ाई अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंचती है। गुरु और शिष्य के बीच इस संघर्ष का परिणाम क्या होगा, इसका जवाब इसी सीज़न में मिलेगा। इस भाग में चिरंजीत चक्रवर्ती, सुरांगना बंद्योपाध्याय, गौरव चक्रवर्ती, अर्ण मुखोपाध्याय सहित कई प्रमुख कलाकार नजर आएंगे। बांग्ला जी फाइव पर शुक्रवार से 'काली पटाका' स्ट्रीम होगी। अभिरूप घोष के निर्देशन में बनी इस सीरीज़ में स्वस्तिका मुखोपाध्याय, श्रुति दास, अनिर्बाण चक्रवर्ती, श्रेया भट्टाचार्य और हिमिका बोस अहम भूमिकाओं में हैं। इसी दिन फ्राइडे पर 'कीर्तन' की सीक्वल 'कीर्तन के बाद कीर्तन' भी रिलीज़ हो रही है। सीक्वल में परान बंद्योपाध्याय, अरुणिमा घोष और गौरव चट्टोपाध्याय अपने पुराने किरदारों में नजर आएंगे, जबकि इस भाग में लाबणी सरकार की भी एंट्री है। वहीं क्लिक पर पॉडकास्ट सीरीज़ 'कैफे हाउस' और टेली सीरीज़ 'नौका डूबी' दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। जियो हॉटस्टार पर शुक्रवार को 'गुस्ताख इश्क' रिलीज़ हो रही है। फैशन डिज़ाइनर मनीष मल्होत्रा की बतौर निर्माता यह पहली फिल्म है, जिसमें विजय वर्मा और कातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसी दिन 'स्पेस जेनचंद्रयान' भी रिलीज़ होगी, जो चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के पीछे की कहानी पर आधारित है। इस सीरीज़ में श्रिया सरन और नकुल मेहता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा इस सप्ताह इस प्लेटफॉर्म पर आठ एपिसोड की सीरीज़ 'वंडरमैन' और 'मार्क' भी आ रही हैं। किच्चा सुदीप अभिनीत 'मार्क' एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें एक निलंबित पुलिस अधिकारी राजनीतिक दबाव को नजरअंदाज कर अपहृत बच्चों को बचाने की मुहिम में जुटता है।

## जनता दरबार



## नेताजी : एक विलक्षण व्यक्तित्व

**अजित प्रसाद**



नेताजी की यह सीख आज के शॉर्टकट वाले युग में बहुत जरूरी है। यह हमें याद दिलाती है कि किसी भी महान उद्देश्य के लिए कीमत चुकानी ही पड़ती है। चाहे वह राष्ट्र की आजादी हो या आपके करियर की सफलता, आपका संघर्ष ही आपकी जीत का आधार...

नेताजी की यह सीख आज के शॉर्टकट वाले युग में बहुत जरूरी है। यह हमें याद दिलाती है कि किसी भी महान उद्देश्य के लिए कीमत चुकानी ही पड़ती है। चाहे वह राष्ट्र की आजादी हो या आपके करियर की सफलता, आपका संघर्ष ही आपकी जीत का आधार बनेगा।तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा! यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि उस फौलादी संकल्प की आवाज है जिसने सोए हुए हिंदुस्तान को जगा दिया था। आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के ये शब्द आज भी रगों में बिजली दौड़ा देते हैं। आइए, आज के विचार में समझते हैं कि नेताजी के इस आह्वान का आज के दौर में हमारे जीवन के लिए क्या संदेश है।अस विचार का अर्थ क्या है?जब नेताजी ने खून मांगा, तो उनका मतलब सिर्फ युद्ध नहीं था। वे बलिदान की बात कर रहे थे। उनका मानना था कि आजादी कोई खैरात में मिलने वाली चीज नहीं है, जिसे कोई आपको तोहफे में दे दे। इसे अपनी मेहनत, त्याग और अटूट संघर्ष से कमाना पड़ता है। यह कोट हमें सिखाता है कि अगर आपको जीवन में कुछ बड़ा हासिल करना है, तो आपको अपनी सुख-सुविधाओं यानी कंफर्ट जोन की आहुति देनी ही होगी।आज के दौर में कैसे प्रासंगिक हैं नेताजी के विचार?आज हम एक प्रतिस्पर्धी दुनिया में जी रहे हैं। यहां आजादी का मतलब है - वित्तीय स्वतंत्रता, मानसिक शांति और अपने सपनों को जीने का हक। नेताजी का यह नारा आज के युवाओं को याद दिलाता है कि बिना पसीना बहाए सफलता की मंजिल नहीं मिल सकती। सोशल मीडिया और शॉर्टकट के इस युग में, नेताजी के शब्द हमें धैर्य और कड़ी मेहनत की बुनियादी जड़ों की ओर वापस ले जाते हैं।रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे अपनाएं? बलिदान की आदत डालें: अगर आपको करियर में ऊंचाइयां छूनी हैं, तो आज की नींद और आलस्य का बलिदान देना होगा। अनुशासन ही शक्ति है: नेताजी की तरह अपने लक्ष्यों के प्रति अनुशासित रहें। बिना डिसिप्लिन के कोई भी करियर में सफलता नहीं पाई जा सकती! निडर बनें: विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय, उनका सामना करने का हौसला रखें। याद रखें, आजादी संघर्ष मांगती है।कौन थे सुभाष चंद्र बोस?सुभाष चंद्र बोस एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित नौकरी को लात मार दी क्योंकि उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। वे एक दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने वैश्विक स्तर पर भारत की आजादी के लिए समर्थन जुटाया। उनका व्यक्तित्व अनुशासन, साहस और कभी न हार मानने वाली जिजीविषा का मिश्रण था। वे मानते थे कि विचार तभी जीवित रहते हैं जब उनके पीछे कर्म की शक्ति हो।

## हे माँ सरस्वती!

**महेन्द्र अग्रवाल**



हे माँ सरस्वती ! बचपन से ही करता आ रहा तेरा अर्चन,
केवल अर्चन ही नहीं, करता आ रहा विद्या का भी अर्जन।
अतः हे ज्ञान की देवी ! ज्ञान के चलते की बहुतेरी प्रगति,
पर, जाने अब ढंग से काहे काम नहीं कर रही मेरी मति।
अर्जित ज्ञान धीरे-धीरे दिमाग से रिसता ही चला जा रहा,
दरअसल, सृजनशील मस्तिष्क अब ठप पड़ता जा रहा।
भय लगता , कहीं '' खाली दिमाग शैतान का '' वाली परिस्थिति न हो जाये,
मेहनत से संचित की हुई जीवनभर की मेरी साख नौ दो ग्यारह न हो जाये।
अब तो ऐसा लगने लगा है मैया, मानो बहुत रूठी हुई है तू मुझसे,
तभी तो लाख पुकारने पर भी अनसुनी की जा रही पुकार कबसे।
हे ज्ञानेश्वरी ! हे वागीश्वरी ! तेरी कृपादृष्टि की तो रहेगी जीवनपर्यंत ही आवश्यकता,
बिन तेरी अनुकंपा के मेरा क्या, महान विद्वान का मस्तिष्क काम नहीं कर सकता।
हे हंसवाहिनी ! गर अच्छे-बुरे, सही-गलत के बीच का भेद लोग नहीं बूझ पायेंगे,
हर अवस्था में इंसान दूध का दूध, पानी का पानी निष्पक्षता से नहीं कर पायेंगे,
फिर तो मानवता शर्मसार होती ही रहेगी,
चहुँदिश अशांति ही अशांति छाती रहेगी।
अतः करबद्ध प्रार्थना है, दिमाग में दीमक न लग पाये,
उच्च-उच्च विचारों से मानव-मस्तिष्क इतना भर जाये-
दुनिया के चप्पे-चप्पे में मोहब्बत की सुनामी आ जाये,
मानुषता, अमानुषता को शीघ्र ही पूर्णरूपेण खा जाये।

